CMYK

दैनिक

जयपुर,सीकर, झुंझुनूं, चुरू,नागौर एवं अलवर से एक साथ प्रकाशित

# जयपुर टाइम्स

नई सोच नई रफ्तार

n वर्ष : 11 अंक : 69 ■ डाक पंजीयन संख्या : जयपुर सिटी / 007/2017-19 जयपुर, रविवार 29 मार्च, 2026 ■ RNI.No.RAJHIN/2016/70162

### एक्टिव मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के एक्टिव प्रयास

# विभिन्न विकास प्रोजेक्टों को लेकर अधिकारियों से किया संवाद

## भजनलाल शर्मा ने मुख्यमंत्री कार्यालय में राजउन्नति की बैठक आयोजित की बैठक में मुख्य सचिव श्रीनिवास और सभी विभागों के बड़े अधिकारी मौजूद रहे

जयपुर टाइम्स



**जयपुर(का.सं.)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने एक नवाचार किया था जिसमें उन्होंने हर महीने प्रदेश में विभिन्न विकास कार्यों और जनकल्याणकारी योजनाओं की समीक्षा करने के लिए राज उन्नति के नाम से बैठक आयोजित करने का निर्णय लिया था जिसमें हर महीने भजन लाल शर्मा प्रदेश में संपादित हो रही विभिन्न विकास योजनाएं और जनकल्याणकारी योजनाओं का फीडबैक लेते हैं इस महत्वपूर्ण बैठक में सभी विभागों के बड़े अधिकारी पूरी तैयारी के साथ मौजूद रहते हैं मुख्यमंत्री शर्मा इस बैठक में प्रत्येक विकास प्रोजेक्ट की गतिविधियों के बारे में सवाल जवाब करते हैं प्रोजेक्ट कितना पूरा हुआ ?कितना बाकी है? प्रोजेक्ट निर्धारित अवधि पर संपादित होगा या नहीं और अगर प्रोजेक्ट निर्धारित अवधि पर संपादित नहीं होगा तो इसके क्या कारण रहे इन सब विषयों को लेकर अधिकारियों से फीडबैक लेते हैं तथा अगर किसी विकास प्रोजेक्ट में या किसी जन कल्याणकारी योजना के क्रियान्वयन में कहीं दिक्कत और परेशानी आती है तो उसके बारे में भी अधिकारियों से खुलकर पूछा जाता है अगर किसी प्रोजेक्ट में कोई कानूनी अड़चन या अन्य कोई अड़चन आ रही है तो उसके बारे में मुख्यमंत्री शर्मा अधिकारियों से विस्तार से बातचीत करके रास्ता निकालने का प्रयास करते हैं यह बैठक नियमित रूप से हर महीने मुख्यमंत्री शर्मा आयोजित करते हैं इसीलिए शनिवार को आयोजित होने वाली यह महत्वपूर्ण बैठक कुछ दिन पहले आयोजित होने वाली थी लेकिन मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा पिछले कुछ दिनों से काफी व्यस्त थे मुख्यमंत्री शर्मा यह चाहते थे कि इस बार राजनीति की बैठक को काफी समय देना है इसलिए शनिवार को उन्होंने इस बैठक का आयोजन किया बैठक में मुख्य सचिव वीश्रीनिवास और विभिन्न विभागों के सभी बड़े अधिकारी मौजूद रहे जानकारी के अनुसार प्रदेश में पिछले सवा दो साल में प्रदेश सरकार की ओर से कई बड़ी-बड़ी जनकल्याणकारी योजनाएं और विकास प्रोजेक्ट शुरू किए गए हैं जो करोड़ों रुपए के बताई जा रहे हैं इनमें कई प्रोजेक्ट केंद्र सरकार के सहयोग से संपादित हो रहे हैं तो कई प्रोजेक्ट राजस्थान सरकार अपने स्तर पर संपादित कर रही है तो कई ऐसे भी प्रोजेक्ट हैं जिसमें केंद्र सरकार और राजस्थान सरकार दोनों भागीदारी है प्रदेश की भजनलाल सरकार ने अब तक जो भी बजट जारी किए हैं उनमें कई बड़ी-बड़ी योजनाएं और विकास प्रोजेक्ट की घोषणाएं की गई इसलिए मुख्यमंत्री शर्मा ऊन विकास प्रोजेक्ट को लेकर भी सक्रिय हैं जो पिछली कांग्रेस पार्टी की सरकार के समय शुरू हुई लेकिन बाद में कई वजह से उनके काम रुक गए इन प्रोजेक्ट को संपादित करने के लिए भी प्रदेश सरकार अपनी ओर से कोई कसर बाकी नहीं छोड़ रही इसके अलावा वर्तमान सरकार ने जो घोषणाएं और जो विकास कार्य शुरू किए हैं उन्हें निर्धारित अवधि में हर हाल में पूरा किया जाए इसके लिए मुख्यमंत्री शर्मा ने शनिवार को एक बार फिर से अधिकारियों को निर्देशित किया जानकारी के अनुसार पिछले सवा दो साल में प्रदेश की भजनलाल सरकार ने बिजली, पानी, सौर ऊर्जा, उद्योग, कृषि, चिकित्सा, शिक्षा, सड़क, स्मार्ट सिटी, जयपुर मेट्रो, सड़क रेल और वायु परिवहन, पुलिसिंग इत्यादि कई क्षेत्रों में बड़े-बड़े प्रोजेक्ट और योजनाएं शुरू की है इन सब का निर्धारित अवधि तक सफल क्रियान्वयन हो इसके लिए भी मुख्यमंत्री शर्मा काफी सक्रिय और गंभीर रहे हैं अगर कोई योजना केंद्र सरकार के सहयोग से संपादित हो रही है और पैसों की कमी की वजह से कार्य ठीक तरह से आगे नहीं बढ़ पा रहा है तो इसके लिए भी मुख्यमंत्री शर्मा ने अधिकारियों से साफ कहा है कि वह वस्तु स्थिति से उन्हें अवगत करवाते रहें ताकि जरूरत पड़ने पर केंद्र सरकार के मंत्रियों से मुलाकात करके उन्हें योजनाओं के बारे में अवगत करवाया जा सके शनिवार को राजनीति की बैठक में मुख्यमंत्री शर्मा ने रामसेतु जल परियोजना, यमुना जल समझौता, बाड़मेर की रिफाइनरी और विभिन्न सौर ऊर्जा के प्रोजेक्ट तथा राइजिंग राजस्थान में हुए समझौते के क्रियान्वयन इत्यादि के बारे में संबंधित अधिकारियों से सवाल जवाब किया इसके अलावा विभिन्न बजट अलग-अलग क्षेत्र और अलग-अलग विभागों से जुड़ी घोषणाओं के क्रियान्वयन की प्रक्रिया को लेकर भी मुख्यमंत्री शर्मा ने फीडबैक लिया तथा जो योजनाएं और विकास प्रोजेक्ट धीमी गति से संपादित हो रहे हैं उन्हें गति देने के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया और कहा कि विकास कार्यों और जनकल्याणकारी योजनाओं में लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों के खिलाफ सरकार कार्रवाई भी कर सकती है ।

## भजनलाल सरकार का बड़ा फैसला, दो बच्चों के चुनाव लड़ने पर पाबंदी हटाने की अधिसूचना जारी की

जयपुर टाइम्स



**जयपुर(का.सं.)।** प्रदेश में आगामी पंचायत राज और नगर निकाय के चुनाव में अब वे लोग भी चुनाव लड़ सकेंगे जिनके दो से ज्यादा बच्चे हैं इस बाबत प्रदेश की भजनलाल सरकार ने पंचायत राज और नगर निकाय चुनाव में दो बच्चों की पाबंदी हटाने संबंधी अधिसूचना जारी कर दी है अब इस विषय पर किसी भी तरह की कोई भी कागजी प्रक्रिया बाकी नहीं बची है अब आगामी पंचायत राज और नगर निकाय के चुनाव में दो बच्चों की पाबंदी वाली कोई नियम लागू नहीं होगा अब देखने वाली बात यह है कि प्रदेश सरकार का यह निर्णय प्रदेश के लोगों को कितना भाता है लेकिन इतना जरूर है 32 साल पहले प्रदेश में भैरू सिंह शेखावत वाली भाजपा की सरकार ही दो बच्चों की पाबंदी वाला कानून राजस्थान विधानसभा में। लेकर आई थी अब इस कानून को प्रदेश की भजनलाल सरकार ने हटा दिया है उल्लेखनीय है कि पंचायत राज और नगर निकाय के चुनाव में दो बच्चों की पाबंदी वाले कानून को हटाने के लिए प्रदेश की भजनलाल सरकार शुरू से ही काफी गंभीर नजर आई जिसके फल स्वरुप मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के अध्यक्षता में पहले कैबिनेट की बैठक में दो बच्चों की पाबंदी वाले कानून को हटाने की मंजूरी दी गई बाद में इस कानून को राजस्थान विधानसभा में पास करवाया गया अब सरकार ने इस कानून के बारे में अधिसूचना भी जारी कर दी है इसलिए अब आगामी पंचायत राज और नगर निकाय के चुनाव में दो बच्चों की पाबंदी वाला कानून चुनाव लड़ने वालों के रास्ते का रोडा नहीं बनेगा सरकार के इस निर्णय से प्रदेश के ग्रामीण और शहरी क्षेत्र के लोगों में काफी खुशी का माहौल भी देखने को मिल रहा है क्योंकि गांव और शहर में ऐसे बहुत से टैलेंटेड पढ़े लिखे लोग हैं जो राजनीति में अपना कैरियर बनाना चाहते हैं लेकिन दो बच्चों की पाबंदी वाले कानून की वजह से चुनाव नहीं लड़ पा रहे थे इसलिए उनका चुनाव लड़ने का सपना और राजनीति में करियर बनाने का ख्वाब अधूरा रह रहा था लेकिन अब भजनलाल सरकार ने इन लोगों के चेहरों पर खुशी लाती है और अब यह लोग आगामी चुनाव लड़ने के लिए पूरी तरह से तैयार और उत्सुक दिख रहे हैं गौरतलब है कि राजस्थान विधानसभा में जो प्रदेश की भजनलाल सरकार दो बच्चों की पाबंदी हटाने जैसा कानून मंजूरी के लिए लेकर आई थी उस समय चर्चा केदौरान कांग्रेस पार्टी के विधायकों ने सरकार को कटघरे में खड़ा करते हुए आरोप लगाया था कि प्रदेश सरकार ने अपनी ही पार्टी की सरकार की ओर से ले गएकानून को हटाकर यह दिखा दिया है कि भाजपा की सोच नीति और सिद्धांत सिर्फ वोट हासिल करने के लिए बदलते रहते हैं भले ही कांग्रेस पार्टी के नेता प्रदेश की भजनलाल सरकार को भला बुरा कह रहे हो लेकिन हकीकत यह है कि भजनलाल सरकार के चुनाव लड़ने की इस पाबंदी को हटा देने की वजह से प्रदेश के लोग काफी खुश हैं इसका फायदा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी को मिल भी सकता है ।

## विद्यार्थी ज्ञान परम्परा से जुड़कर देश को गौरवान्वित करें-राज्यपाल

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(का.सं.)।**राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने कहा कि विद्यार्थी प्राचीन भारतीय ज्ञान परम्परा जुड़कर नालंदा एवं तक्षशिला जैसे विश्वविद्यालयों की तरह भारत का विश्वभर में गौरव बढ़ाएं। उन्होंने कहा कि भारत का स्वर्णिम अवसर हमारे विश्वविद्यालय हैं। नई शिक्षा नीति के आलोक में उन्हें सभी मिलकर उत्कृष्ट बनाने का प्रयास करें। राज्यपाल बागडे शनिवार को पंडित दीनदयाल उपाध्याय शेखावाटी विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि देश में आर्थिक एवं सामाजिक परिवर्तन के साथ-साथ गरीबी को शिक्षा के माध्यम से ही दूर किया जा सकता है। उन्होंने राजस्थान के शिक्षा क्षेत्र में योगदान देने वाले महानुभावों का स्मरण करते हुए कहा कि हीरालाल शास्त्री, स्वामी केशवानंद एवं सावित्री भाटी जैसे व्यक्तियों ने राजस्थान में शिक्षा को एक विशिष्ट स्थान दिलाया। राज्यपाल ने कहा कि राजस्थान वीरों और वीरांगनाओं की पावन धरती है। यहीं से भारतीय सेना में सबसे अधिक जवान भर्ती होते हैं। शेखावाटी की यह धरती ऐतिहासिक रूप से देश की आर्थिक रीढ़ रही है। यहां के व्यापारियों ने देश के उद्योग-व्यापार जगत को मजबूत बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

## अमित शाह ने ममता बनर्जी सरकार के खिलाफ चार्ज शीट जारी की और कहा - ममता दीदी कभी पांव तुड़वा लेती है कभी सर पर पट्टी बांध लेती है

जयपुर टाइम्स



**जयपुर(का.सं.)।** केंद्रीय गृह और सहकारिता मंत्री तथा भाजपा के चाणक्य माने जाने वाले अमित शाह पश्चिम बंगाल में पार्टी की जीत को सुनिश्चित करने के लिए अलर्ट मोड पर नजर आ रहे हैं इसी क्रम में अमित शाह ने शनिवार को पश्चिम बंगाल में ममता बनर्जी सरकार के पिछले 15 साल के कार्यकाल के खिलाफ भाजपा की चार्ज शीट जारी की और कहा कि ममता दीदी चुनाव में हमेशा विक्टिम कार्ड खेलती रही है ममता दीदी कभी पांव तुड़वा लेती है तो कभी सर पर पट्टी बांध लेती है और कभी चुनाव आयोग को गालियां देने लगती है तो कभी चुनाव आयोग के सामने बेबस खड़ी हो जाती है यह उनका चुनाव लड़ने का अपना तरीका है लेकिन पश्चिम बंगाल की जनता अब उनकी इस कलाबाजी को अच्छी तरह से समझ गई है और अब पश्चिम बंगाल की जनता उनके विक्टिम कार्ड के जाल में नहीं फंसने वाली उन्होंने कहा कि पिछले 15 साल में पश्चिम बंगाल में नीचे से लेकर ऊपर तक का सिंडिकेट जनता का शोषण कर रहा है पश्चिम बंगाल में भ्रष्टाचार चरम सीमा पर पहुंच गया है और वहां घुसपैठ की गतिविधियां तेजी से बढ़ रही है इसलिए देश की सुरक्षा के लिए पश्चिम बंगाल में भाजपा की सरकार का गठन होना बहुत ही जरूरी है अमित शाह ने कहा कि यह पश्चिम बंगाल के लोगों का दुर्भाग्य ही है कि पहले वामपंथी दलों की सरकार ने पश्चिम बंगाल के लोगों का शोषण किया और विकास को आगे नहीं बढ़ने दिया और बाद में ममता बनर्जी की तृणमूल कांग्रेस ने पूरे पश्चिम बंगाल को बर्बाद करके रख दिया आज पश्चिम बंगाल बर्बादी के कगार पर खड़ा हुआ है जहां भ्रष्टाचार घुसपैठ और अशांति के अलावा और कुछ नजर ही नहीं आता पश्चिम बंगाल के लोग हर तरह से परेशान हैं उन्होंने कहा कि इस बार ममता बनर्जी का विक्टिम कार्ड बिल्कुल भी नहीं चलने वाला है क्योंकि पश्चिम बंगाल के लोग यहां भारतीय जनता पार्टी को एक नई उम्मीद के साथ देख रहे हैं यहां भारतीय जनता पार्टी के संगठन से जुड़े सभी लोग सामूहिक रूप से चुनाव लड़ रहे हैं पश्चिम बंगाल में भाजपा का बहुत ही अच्छा माहौल है और यहां भाजपा के सरकार बनने जा रही है उन्होंने पश्चिम बंगाल के लोगों से अपील की कि वह पश्चिम बंगाल के विकास और भ्रष्टाचार मुक्त शासन के लिए भाजपा को वोट भी दिन और समर्थन भी करें । शनिवार को अमित शाह ने पश्चिम बंगाल के पिछले 15 साल के तृणमूल कांग्रेस पार्टी शासनकाल के खिलाफ भाजपा की ओर से चार्ज शीट जारी की है जिसमें 15 साल के शासन काल में ममता बनर्जी सरकार की ओर से हर क्षेत्र में और हर विभाग में पूरी तरह से फैलियर होने का एलिगेशन पुख्ता सबूत के साथ बताया गया है ।




## गहलोत के इंतजार शास्त्र पर राजेंद्र राठौड़ का प्रहार और कहा टुकड़ों में बटी हुई कांग्रेस नेता पुत्रों का इतिहास जानती है जनता

जयपुर टाइम्स



**जयपुर(का.सं.)।** पूर्व मंत्री और प्रदेश भाजपा के वरिष्ठ नेता राजेंद्र राठौड़ ने शनिवार को संवाददाता सम्मेलन आयोजित करके अशोक गहलोत के इंतजार शास्त्र पर तगड़ा प्रहार कहा और कहा कि गहलोत को इंतजार शास्त्र नहीं बल्कि अपना हकीकत शास्त्र देखना चाहिए उन्होंने कहा कि अशोक गहलोत मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा को मंत्री पुत्रों को सरकार से दूर रहने की सलाह तो देते हैं लेकिन गहलोत यह भूल भूल गए कि उन्होंने खुद अपने बेटे वैभव गहलोत को दो बार लोकसभा का चुनाव लड़वाया जो लोग चुनाव लड़ने का अधिकार रखते थे उन्हें चुनाव नहीं लाडवा कर अपने बेटे को उम्मीदवार बनवाया तथा राज्य क्रिकेट संघ का अध्यक्ष बनवा दिया जबकि दिवंगत रामेश्वर लाल डूडी जो पूर्व में विपक्ष के नेता भी रह चुके थे उन्होंने राज्य क्रिकेट संघ के अध्यक्ष पद का चुनाव लड़ने के लिए नामांकन भरा लेकिन उनकी बेइज्जती की गई यह सब उन्होंने अपने बेटे को स्थापित करने के लिए किया और आज गहलोत मुख्यमंत्री को मंत्री पुत्रों को सरकार से दूर रहने की सलाह देते हैं उन्होंने कहा कि गहलोत न जाने कहां से यह शब्द ढूंढ कर लाए हैं इंतजार शास्त्र जबकि उन्हें हकीकत शास्त्र को भी देखना चाहिए राजेंद्र राठौड़ ने संवाददाता सम्मेलन में कहा कि खाड़ी देशों के युद्ध में तेल पेट्रोल गैस का जो वैश्विक संकट आया है इसको लेकर एक तरफ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दिल्ली में सर्वदलीय बैठक बुलाई और संसद के दोनों सदनों में तेल गैस पेट्रोल को लेकर भारत सरकार की व्यवस्थाओं के बारे में पूरी जानकारी दें तो दूसरी तरफ जयपुर में 26 मार्च को मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने भी सर्व दलीय बैठक बुलाई लेकिन राजस्थान कांग्रेस जो अलग-अलग टुकड़ों में बटी हुई है उनके नेता अलग-अलग विरोधाभासी बयान दे रहे हैं उन्होंने कहा कि एक तरफ राजस्थान कांग्रेस के अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा यह कहते हैं कि दिल्ली से पर्ची आने के बाद भजनलाल शर्मा ने सर्व दलीय बैठक बुलाई तो दूसरी तरफ प्रतिपक्ष के नेता टीकाराम जूली ने खुद सर्वदलिए बैठक बुलाने की मांग मुख्यमंत्री से की थी इसके अगले ही दिन मुख्यमंत्री ने सर्व दलीय बैठक बुलाई और इस सर्वदलीय बैठक में टीकाराम जूली ने खुद सरकार का वैश्विक संकट के समय पूरा समर्थन देने की बात कही तो दूसरी तरफ टुकड़ों में बाटे कांग्रेस पार्टी के नेता विरोधाभासी और अलग-अलग तरह के बयान देकर प्रदेश के लोगों को भ्रमित करने का प्रयास कर रहे हैं गहलोत के इंतजार शास्त्र के माध्यम से प्रदेश के युवाओं को नसीहत देने के मामले पर राजेंद्र राठौड़ ने पलटवार करते हुए कहा कि गहलोत के शासनकाल में प्रदेश की युवाओं की क्या स्थिति थी यह प्रदेश के युवा अच्छी तरह से जानते हैं पूरे 5 साल तक प्रदेश में एक के बाद एक सरकारी भर्ती परीक्षा के पेपर लीक होते रहे बेरोजगार रोजगार के लिए भटकते रहे युवा सड़कों पर आंदोलन करते रहे और आज गहलोत युवाओं को नसीहत दे रहे हैं उन्होंने कहा कि पूरे 5 साल तक गहलोत सरकार से जुड़े लोग कुर्सी के लिए खुद आपस में लड़ते रहे गहलोत अपने इंतजार शास्त्र को जारी करने से पहले थोड़ा यह भी देखने की प्रदेश की जनता ने गहलोत शासन काल में 32 दिनों तक सरकार के दर्शन नहीं किए थे सरकार दो गुटों में अलग-अलग होटल में बंद रही प्रदेश की जनता सरकार को ढूंढती रही और गहलोत आज इंतजार शास्त्र के माध्यम से जो मुद्दे उठा रहे हैं उनमें उन्होंने खुद क्या किया थोड़ा यह भी देख ले राजेंद्र राठौड़ ने कहा कि इसलिए गहलोत सरकार के समय जब कोरोना महामारी का संकट आया था उस समय राजस्थान विधानसभा में तत्कालीन प्रतिपक्ष के नेता गुलाब सिंह कटारिया, तत्कालीन राजस्थान भाजपा अध्यक्ष सतीश पूनिया और मैं तीनों खड़े होकर कहा था कि संकट के समय विपक्ष सरकार के साथ है उस समय अशोक गहलोत 24 घंटे वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बातचीत करते थे उस बातचीत में भी विपक्ष लगातार हिस्सा लेता रहा लेकिन इस आपदा में भी तत्कालीन कांग्रेस पार्टी की सरकार ने भ्रष्टाचार को गले लगाया

अलवर जयपुर टाइम्स

जयपुर, रविवार
29 मार्च, 2026

## ग्रामीण क्षेत्रों में सड़क कट मरम्मत हेतु 5 दिवसीय विशेष अभियान शुरू

जयपुर टाइम्स



**खैरथल-तिजारा(निस)।** राज्य सरकार के निर्देशानुसार प्रदेश में सड़क अवसंरचना को बेहतर बनाने की दिशा में एक और महत्वपूर्ण पहल की गई है। इससे पूर्व 20 मार्च 2026 को शहरी क्षेत्रों में सड़क कट मरम्मत हेतु एक विशेष एकदिवसीय अभियान सफलतापूर्वक संचालित किया गया था, जिसमें विभिन्न विभागों द्वारा किए गए सड़क कटों की मरम्मत कर सड़कों को पुनः सुचारु एवं सुरक्षित बनाया गया। इसी सफलता को आगे बढ़ाते हुए अब ग्रामीण क्षेत्रों में भी सड़क कट मरम्मत कार्य को प्राथमिकता दी गई है। इसके तहत 28 मार्च से 1 अप्रैल 2026 तक 5 दिवसीय विशेष अभियान चलाया जा रहा है। अभियान का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में विभिन्न विभागों द्वारा किए गए सड़क कटों की शीघ्र मरम्मत कर सड़कों को मोटरेबल, सुरक्षित एवं सुविधाजनक बनाना है। अधीक्षण अभियंता सार्वजनिक निर्माण विभाग ओमप्रकाश किराड़ ने विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि वे निर्धारित समयसीमा में सभी लंबित मरम्मत कार्यों को पूर्ण करें। साथ ही अभियान के दौरान किए जा रहे कार्यों की नियमित निगरानी भी की जाए, और प्रतिदिन की प्रगति रिपोर्ट तैयार कर प्रेषित करने के निर्देश भी दिए। उन्होंने आमजन से अपील की है कि वे इस अभियान में सक्रिय सहयोग करें और अपने क्षेत्र में किसी भी क्षतिग्रस्त सड़क या अधूरे सड़क कट की सूचना संबंधित विभाग को दें, ताकि समय पर मरम्मत सुनिश्चित की जा सके।

## ई-मित्र केंद्रों पर सख्ती: 59 कियोस्क का औचक निरीक्षण, 30 पर अनियमितताएं, जुर्माना

जयपुर टाइम्स




**मकराना(निस)।** जिला कलेक्टर डीडवाना-कुचामन के निर्देश पर शुक्रवार को मकराना ग्रामीण ब्लॉक क्षेत्र में ई-मित्र केंद्रों का औचक निरीक्षण किया गया। इस कार्रवाई में ब्लॉक प्रोग्रामर अजीत खिलेरी, सहायक प्रोग्रामर कुलदीप सिंह राठौड़, दामोदर पारीक व सूचना सहायक मोहसिन अहमद की टीम ने कुल 59 ई-मित्र कियोस्क की जांच की। निरीक्षण के दौरान टीम ने संचालकों को राज्य सरकार की ओर से निर्धारित रेट लिस्ट, को-ब्रांडेड बैनर और ई-मित्र प्रमाण पत्र को सार्वजनिक स्थान पर अनिवार्य रूप से प्रदर्शित करने के निर्देश दिए। साथ ही निर्धारित शुल्क के अनुसार सेवाएं उपलब्ध कराने, कियोस्क आईडी कार्ड पहनने तथा निरीक्षण व शिकायत रजिस्टर का सही संधारण करने के लिए भी पाबंद किया। जांच में कई केंद्रों पर नियमों की अनदेखी सामने आई। कुल 14 ई-मित्र संचालकों के पास आईडी कार्ड नहीं मिले, 11 केंद्रों पर रेट लिस्ट प्रदर्शित नहीं थी और 5 स्थानों पर बैनर नहीं लगे पाए गए। इन 30 कियोस्क पर अनियमितता मिलने पर नियमानुसार पेनल्टी लगाई गई। प्रशासन ने स्पष्ट किया कि आमजन को पारदर्शी और निर्धारित दरों पर सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए इस तरह की कार्रवाई आगे भी लगातार जारी रहेगी।

## 62 वर्षों की परंपरा: अखंड रामायण पाठ का 2 अप्रैल को होगा भव्य समापन



जयपुर टाइम्स

**फुलेरा(निस)।** श्री राम नगर स्थित श्री बालाजी की बगीची में बजरंग बाल सेवक मंडल के तत्वावधान में वर्ष 1965 से निरंतर चल रहा श्री रामचरितमानस का अखंड रामायण पाठ इस वर्ष अपने 62वें वर्ष में जारी है। आयोजन का समापन 2 अप्रैल को हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर किया जाएगा। इस दौरान भगवान हनुमान जी की भव्य झांकी व शोभायात्रा निकाली जाएगी तथा श्रद्धालुओं के लिए विशाल भंडारा व रात्रि में भजन संध्या का आयोजन होगा। मंडल पदाधिकारियों ने श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने की अपील की है।

## चोसीरा-गुणावती रेंज में अवैध खनन बेखौफ, कार्रवाई के अभाव में उठे सवाल

जयपुर टाइम्स

**मकराना(निस)।** क्षेत्र की चोसीरा-गुणावती रेंज स्थित खदान संख्या 158 में अवैध खनन रुकने का नाम नहीं ले रहा है। लगातार मिल रही शिकायतों के बावजूद संबंधित विभाग की ओर से ठोस कार्रवाई नहीं होने से अवैध खननकर्ताओं के हौसले बुलंद हैं और प्रशासन की कार्यशैली पर सवाल खड़े हो रहे हैं। जानकारी के अनुसार खदान में न्यायालय से 60म30 फीट क्षेत्र में स्थगन आदेश की आड़ लेकर निर्धारित सीमा से बाहर भी खनन किया जा रहा है। आरोप है कि अवैध खननकर्ता दिन-रात मार्बल का दोहन कर रहे हैं और लाखों रुपये का सफेद मार्बल नियमित रूप से निकाला जा रहा है। सूत्रों के मुताबिक खदान माफियाओं को राजनीतिक संरक्षण मिलने के कारण स्थानीय अधिकारी कार्रवाई करने से बच रहे हैं। वहीं, पड़ोसी खदान मालिकों ने भी पत्थरों की चोरी और अपनी खदानों में अतिक्रमण की शिकायतें कई बार विभाग को दी, लेकिन अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। गौरतलब है कि प्रदेश के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा द्वारा अवैध खनन रोकने के सख्त निर्देश दिए जा चुके हैं तथा जिला स्तर पर टीमों का गठन भी किया गया था। इसके बावजूद संबंधित खदान पर कार्रवाई नहीं होना प्रशासनिक उदासीनता को दर्शाता है। पीड़ित खदान अनुज्ञाधारकों ने अब मुख्यमंत्री से हस्तक्षेप कर अवैध खनन पर रोक लगाने की मांग की है।

## फुले जयंती की तैयारियों को लेकर आमसभा आज

जयपुर टाइम्स

**फुलेरा(निस)।** महात्मा ज्योतिबा फुले संस्था तहसील फुलेरा (रजि.) की ओर से आगामी 11 अप्रैल 2026 को महात्मा ज्योतिबा फुले जयंती धूमधाम व हर्षोल्लास से मनाने को लेकर तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। इसी क्रम में जयंती समारोह के सफल आयोजन के लिए विचार-विमर्श व कार्य विभाजन को लेकर रविवार को सायं 5 बजे आमसभा का आयोजन किया जाएगा। संस्था के महामंत्री भंवरलाल सैनी ने बताया कि यह आमसभा माली समाज शिव मंदिर प्रांगण, श्रीरामनगर फुलेरा में आयोजित होगी।

# सुचारु पेयजल व्यवस्था हेतु जिला प्रशासन अलर्ट मोड पर







### जिला कलक्टर के निर्देश पर एडीएम शहर सहित उपखण्ड अधिकारी व तहसीलदारों ने जलदाय विभाग की टीम के साथ अलसुबह फील्ड में जाकर पेयजल आपूर्ति व्यवस्था का लिया जायजा

### प्रभावी मॉनिटरिंग करने के साथ आमजन की पेयजल समस्याओं के त्वरित समाधान करने के दिए निर्देश

जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** जिला कलक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला के निर्देश पर अतिरिक्त जिला कलक्टर शहर सहित जिले के समस्त उपखण्ड अधिकारियों व तहसीलदारों की अगुवाई में जलदाय विभाग की टीम के साथ अलसुबह फील्ड में रहकर धरातल पर पेयजल सप्लाई व्यवस्था का जायजा लेकर आमजन से फीडबैक लिया। अतिरिक्त जिला कलक्टर शहर बीना महावर अलवर ने शहर के अल्कापुरी, शिवाजी पार्क व वीर सावरकर नगर सहित अन्य स्थानों पर घर-घर जाकर पेयजल आपूर्ति व्यवस्था का जायजा लेकर जलदाय विभाग के अधिशासी अभियंता को निर्देश दिए कि पेयजल व्यवस्था की फील्ड में प्रभावी मॉनिटरिंग करें।जिन नई बोरिंग में विद्युत कनेक्शन हो गए हैं अपने तुरंत चालू कराए। पेयजल मोटर सहित अन्य उपकारण खराब होने व पेजयल आपूर्ति लाइन लीकेज होने पर तुरंत दुरुस्त कराया जावे। पेयजल आपूर्ति से जुड़ी परिवेदनाओं को सर्वोच्च प्राथमिकता से निराकरण कराकर परिवादी को सूचित किया जावे। उन्होंने आमजन से पेयजल व्यवस्था के संबंध में फीडबैक लिया तथा पेयजल अपव्यय नहीं करने हेतु समझाइश भी की। इसी प्रकार जिले के समस्त उपखण्ड अधिकारियों व तहसीलदारों ने जलदाय विभाग की टीम के साथ अपने - अपने क्षेत्र के कई वार्डों में घर -घर जाकर आमजन से पेयजल आपूर्ति का फीडबैक लिया। उन्होंने जलदाय विभाग के अधिशाषी अभियंता व सहायक अभियंताओं को निर्देशित किया कि क्षेत्र में सुचारू पेयजल आपूर्ति हेतु प्रभावी मॉनिटरिंग रखे। टेल एंड में पेयजल आपूर्ति सुचारु कराने हेतु फिल्ड स्टाफ निरंतर निगरानी रखे। पाइपलाइन लीकेज कि सूचना मिलते ही तुरंत दुरुस्त करावे। पानी कि मोटर आदि उपकरण ख़राब होने पर तुरंत दुरुस्त करावे। पेयजल प्रभावित क्षेत्रों में टेंकर्स से से आपूर्ति कराई जावे। पेयजल आपूर्ति से जुडी आमजन कि समस्याओं को गंभीरता से सुनकर उसका त्वरित निदान करने के प्रयास करें तथा राइजिंग लाइन से अवैध नहीं रहे, यदि कोई मिले तो उन्हें तुरंत हटवाना सुनिश्चित करावें। उन्होंने मौके पर आमजन कि परिवेदनाओं को सुनकर त्वरित निराकरण के निर्देश दिए। उल्लेखनीय है कि राज्य सरकार के दिशा निर्देशों की पालना में जिला प्रशासन अलर्ट मोड पर कार्य कर रहा है। जिला कलक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला इसकी निरंतर प्रभावी मॉनिटरिंग कर रही है। उन्होंने विगत दिनों औचक निरीक्षण कर पेयजल आपूर्ति व्यवस्था का जायजा भी लिया था।

### आमजन पेयजल समस्या के संबंध में दर्ज करा सकते हैं शिकायत

*जिला कलक्टर ने जिले में आपूर्ति व्यवस्था को सुचारू रखने के लिए आमजन की परियोजनाओं के निस्तारण के जिला प्रशासन द्वारा 'अलवर वाटर मॉनिटरिंग सिस्टम पोर्टल' लॉन्च किया है जिस पर आमजन पेयजल संबंधी समस्याएं दर्ज करा सकते हैं। साथ ही शहर की पेयजल संबंधी शिकायतों के त्वरित निराकरण हेतु मिनी सचिवालय के कमरा नंबर 108 में वॉर रूम स्थापित किया गया है जिसके दूरभाष नम्बर 0144-2338000 पर एवं जलदाय विभाग के कंट्रोल रूम नंबर 01442337900 पर आमजन पेयजल संबंधी शिकायतें दर्ज करा सकते हैं। राजस्थान सम्पर्क पोर्टल एवं वार रूम में प्राप्त शिकायतों पर तुरन्त संज्ञान लेकर पेयजल शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण समाधान कराया जा रहा है।*

## सीए ब्रांच मे इन्वैस्टर अवरेनेस प्रोग्राम का आयोजन




जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** दी इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड एकाउंटेंटस ऑफ इंडिया की फाइनेंशियल मार्केट्स एंड इन्वेस्टर्स प्रोटेक्शन कमेटी व सीए ब्रांच द्वारा इन्वैस्टर अवरेनेस प्रोग्राम का आयोजन आईसीएआई भवन स्कीम नंबर 8 विस्तार में किया गया। इस कार्यक्रम में लघु उद्योग भारती एवं आयकर विभाग का विशेष सहयोग प्राप्त हुआ। ब्रांच चेयरमैन सीए विशाल वाधवा ने मुख्य वक्ताओ व सभी उपस्थित सदस्यों का स्वागत किया। उन्होंने बताया कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य निवेशकों, व्यवसायियों एवं आमजन को वित्तीय जागरूकता प्रदान करना है। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता जितेंद्र यादव ने एमएसएमई नीतियों के अंतर्गत लघु एवं मध्यम उद्योगों के विकास, वित्तीय सहायता एवं विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी प्रदान की। वहीं धर्म सिंह मीना, जॉइंट कमिश्नर, आयकर विभाग ने 'इनकम टैक्स एक्ट 2025' की नई कर व्यवस्था, सरलीकरण एवं डिजिटल अनुपालन के महत्वपूर्ण पहलुओं को सरल भाषा में समझाया। इस कार्यक्रम का मंच संचालन पंकज तिवारी ने किया। प्रोग्राम के अंत में सभी अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंट किये वाइस-चेयरमैन सीए आकाश खंडेलवाल द्वारा पधारे सभी आगन्तुओं का धन्यवाद दिया गया। इस कार्यक्रम मे ब्रांच के ब्रांच के कोषाध्यक्ष सीए अंशुल मोदी एवं सिकासा चेयरमैन सीए हितेश सेतिया सहित सीए सदस्य, व्यवसायी, उद्योगपति तथा लघु उद्योग भारती के अध्यक्ष शशांक झालानी एवं सदस्य राजेश गुप्ता, हरमीत सिंह मेंहदीरता, सुबोध गोयल, संदीप मुद्गल, सीए अभिमन्यु गर्ग एवं सीए मयंक गोयल सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

## भामाशाहों के सहयोग से गांव के विकास को मिल रही नई दिशा - यादव

### मोहम्मदपुर में बस स्टैंड कक्ष का हुआ उद्घाटन, सैकड़ों ग्रामीण रहे मौजूद




जयपुर टाइम्स

**बहरोड़(निसं.)।** पंचायत समिति बहरोड़ के ग्राम मोहम्मदपुर में शनिवार को श्री यादराम प्रजापति शास्त्री के सुपुत्र रूपनारायण प्रजापति एवं सीताराम प्रजापति द्वारा निर्मित बस स्टैंड के कक्ष का उद्घाटन भाजपा नेता एवं बहरोड़ प्रधान प्रतिनिधि, एडवोकेट बस्तीराम यादव ने किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीण, महिलाएं और युवा उपस्थित रहे।

मुख्य अतिथि बस्तीराम यादव ने इस अवसर पर कहा कि क्षेत्र के सर्वांगीण विकास में भामाशाहों का योगदान हमेशा सराहनीय रहा है। उन्होंने बताया कि श्री यादराम प्रजापति 100 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके हैं और उनके सहयोग से गांव में कई जनहितकारी कार्य करवाए गए हैं। मोहम्मदपुर के हाई स्कूल का मुख्य द्वार, सांस्कृतिक मंच, गांव में वाटर कूलर तथा बस स्टैंड कक्ष का निर्माण उनके परिवार द्वारा कराया गया है।

उन्होंने बताया कि बहरोड़ और कांकरडोपा में भी वाटर कूलर लगवाकर लोगों को पेयजल की सुविधा उपलब्ध कराई गई है। साथ ही भामाशाह रूपनारायण प्रजापति द्वारा मुंबई में कैंसर रोगियों एवं उनके सेवादारों को निशुल्क भोजन उपलब्ध कराने का सेवा कार्य भी निरंतर किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि ऐसे ऐतिहासिक और जनसेवा से जुड़े कार्य समाज के लिए प्रेरणादायक हैं और भामाशाह परिवार ने अपनी याद को समाज में चिरस्थायी बनाने का कार्य किया है। कार्यक्रम में सरपंच सोताज यादव, पार्षद रोहतास मेघवाल, भारत विकास परिषद के अध्यक्ष राजकुमार सेठ, गुलाब प्रजापत, योगेश शर्मा, सुनील यादव, पूर्व सरपंच रामनिवास गुर्जर, रामावतार गुर्जर, पंचायत समिति सदस्य देवेंद्र रईया, रामशरण गुर्जर, दयाराम गुर्जर, विकास गुर्जर एडवोकेट, रोहतास गुर्जर, बसंत गुर्जर, इंद्राज गुर्जर, ब्रह्मानंद, विकास सर, रतीराम गुर्जर, राम सिंह पटेल सहित सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित रहे।

## माय भारत अलवर द्वारा 40 उत्कृष्ट युवा मंडलों को किए गए खेल किट वितरित

### युवा मंडल संवाद कार्यक्रम में युवा शक्ति को खेलों से जुड़ने का आव्हान




जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** माय भारत केंद्र द्वारा सूचना एवं जनसंपर्क कार्यालय मेंयुवा मंडल संवाद कार्यक्रम के अंतर्गत आयोजित कार्यक्रम में जिले के विभिन्न ब्लॉकों से आए 40 उत्कृष्ट युवा मंडलों के पदाधिकारियों को खेल किट प्रदान की गई। माय भारत अलवर के कॉर्डिनेटर एवं नेहरू युवा केंद्र के उपनिदेशक पंकज यादव ने कहा कि उन्होंने कहा कि युवाओं में अनुशासन, टीम वर्क और नेतृत्व क्षमता का विकास के लिए खेलो को आगे बढ़ाना आवश्यक हैं। 'माय भारत' पोर्टल के माध्यम से युवाओं को राष्ट्र निर्माण की गतिविधियों से जोड़ना और उन्हें स्थानीय स्तर पर संसाधन उपलब्ध कराना इस पहल का मुख्य उद्देश्य है। उन्होंने कहा कि खेल एवं खिलाडियों को बढावा देने के उद्देश्य से खेल किटों का वितरण किया गया है। इन खेल किट्स के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में छिपी हुई खेल प्रतिभाओं को निखरने का अवसर मिलेगा। उन्होंने कहा कि युवा मंडल इन सामग्रियों का उपयोग अपने-अपने गांवों में नियमित अभ्यास और स्थानीय प्रतियोगिताओं के आयोजन के लिए करें। उन्होंने बताया कि चयनित 40 युवा मंडलों को उनकी सक्रियता और वित्त वर्ष में किए गए क्रियाकलापों के आधार पर चुना गया है। वितरित किट में वॉलीबॉल और नेट, फुटबॉल, बॉस्केटबॉल एवं एथेलेटिक्स के उपकरण शामिल है। इस अवसर पर माय भारत के वरिष्ठ स्वयंसेवक अमित शर्मा ने वॉलिंटियर्स को प्रोत्साहित करते हुए युवा मंडल की क्रियाकलापों एवं कार्य प्रणाली की विस्तार से जानकारी दी तथा सभी युवाओं को 'माय भारत' प्लेटफॉर्म पर अधिक से अधिक पंजीकरण करने और डिजिटल रूप से जुड़ने के लिए प्रेरित किया गया। मंच संचालक अभिषेक कौशिक ने किया। इस दौरान माय भारत के कार्यक्रम सुपरवाइजर तोताराम गुर्जर, स्वयंसेवक तरेश मीणा, मानवेंद्र, सुनील शर्मा सहित समेत बड़ी संख्या में युवा मंडल के पदाधिकारी मौजूद रहे।

## टीबी मुक्त भारत अभियान में खैरथल-तिजारा जिले को राज्य में द्वितीय स्थान

जयपुर टाइम्स




**खैरथल-तिजारा(निस)।** । टीबी मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत उत्कृष्ट कार्य करते हुए खैरथल-तिजारा जिले की स्वास्थ्य विभाग की टीम ने पूरे राजस्थान में टीबी स्क्रीनिंग कार्य में द्वितीय स्थान प्राप्त कर जिले का नाम गौरवान्वित किया है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अरविंद गेट के निर्देशन में टीबी मुक्त ग्राम पंचायत अभियान का प्रभावी क्रियान्वयन किया गया। उन्होंने सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को संभावित टीबी रोगियों के अधिक से अधिक बलगम सैंपल लेकर जांच कराने, रोगियों को प्रोत्साहन राशि दिलाने, निक्षय किट उपलब्ध कराने तथा निक्षय मित्र बनाने के निर्देश दिए। इस उल्लेखनीय उपलब्धि के लिए जिले की टीम को राज्य स्तर पर सम्मानित किया गया। यह सम्मान निदेशक पीएच, एसटीओ डॉ. पुरुषोत्तम सोनी तथा डॉ. धौलपुरिया के करकमलों द्वारा सीएमएचओ डॉ. अरविंद गेट और आरसीएचओ डॉ. सुवा लाल को प्रदान किया गया। जिले में टीबी स्क्रीनिंग अभियान के दौरान स्वास्थ्य विभाग की टीम ने घर-घर जाकर लोगों की जांच की, टीबी के प्रति जागरूकता फैलायी तथा संदिग्ध मरीजों की समय पर पहचान सुनिश्चित की। इस उपलब्धि में स्वास्थ्यकर्मियों, आशा सहयोगिनियों तथा संबंधित विभागों का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

'म्हारे गांव-टीबी ना पसारे पांव' थीम के तहत टीबी मुक्त ग्राम पंचायत अभियान 2024 में जिले की 153 ग्राम पंचायतों में से 71 ग्राम पंचायतों को टीबी मुक्त किया गया था। वहीं वर्ष 2025 में इस संख्या को बढ़ाते हुए 153 में से 105 ग्राम पंचायतों को टीबी मुक्त घोषित किया गया।

वर्तमान में जिले में 100 डेज अभियान के तहत आयुष्मान आरोग्य शिविरों का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें संभावित टीबी रोगियों की एक्स-रे एवं टू-नॉट जांच की जा रही है। साथ ही हाई रिस्क गांवों एवं क्षेत्रों को चिन्हित कर अधिक से अधिक लोगों की जांच सुनिश्चित की जा रही है।

जिला प्रशासन एवं स्वास्थ्य विभाग ने इस उपलब्धि पर पूरी टीम को बधाई देते हुए भविष्य में भी इसी तरह उत्कृष्ट कार्य करने के लिए प्रोत्साहित किया है।

## मेले में अव्यवस्था पर भड़का सरगरा समाज, प्रशासन को दी खुली चेतावनी

जयपुर टाइम्स



**सुमेरपुर(निस)।** क्षेत्र में 28-29 मार्च को आयोजित मेले में फैली अव्यवस्थाओं ने प्रशासन की तैयारियों की पोल खोल दी। हालात ऐसे रहे कि हजारों की भीड़ के बीच व्यवस्थाएं पूरी तरह चरमराती नजर आईं। इसको लेकर क्षत्रिय सरगरा समाज का गुस्सा अब खुलकर फूट पड़ा है। समाज के प्रतिनिधियों ने प्रशासन को ज्ञापन सौंपते हुए जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई और भविष्य में पुख्ता इंतजाम की मांग की है। समाज ने ज्ञापन में सीधे तौर पर प्रशासन को कटघरे में खड़ा करते हुए कहा कि भारी भीड़ के बावजूद न तो पर्याप्त पुलिस बल तैनात किया गया और न ही भीड़ नियंत्रण के पुख्ता इंतजाम किए गए। कई स्थानों पर स्थिति बेकाबू होने जैसी बनी रही, जहां श्रद्धालुओं को धक्कामुक्की और अफरा-तफरी का सामना करना पड़ा। यातायात और पार्किंग व्यवस्था भी पूरी तरह फेल रही। मेले में आने वाले लोगों को घंटों जाम में फंसना पड़ा, जबकि पार्किंग के अभाव में सड़कों पर ही वाहनों की कतारें लग गईं। इससे आमजन को भारी परेशानी उठानी पड़ी। सफाई व्यवस्था की स्थिति और भी चिंताजनक रही। जगह-जगह कचरे के ढेर लगे रहे, जिससे मेले का माहौल बिगड़ता नजर आया। वहीं पेयजल, शौचालय और रोशनी जैसी मूलभूत सुविधाओं का भी गंभीर अभाव रहा। रात के समय अंधेरे में डूबे कई क्षेत्र हादसों को न्योता देते नजर आए। समाज के पदाधिकारियों ने यह भी आरोप लगाया कि मेले में मेडिकल और आपातकालीन सेवाओं की कोई ठोस व्यवस्था नहीं थी। ऐसी स्थिति में किसी भी अप्रिय घटना की स्थिति में हालात बिगड़ सकते थे। समाज ने दो टूक चेतावनी देते हुए कहा कि यदि भविष्य में ऐसी लापरवाही दोहराई गई तो सरगरा समाज सड़कों पर उतरकर बड़ा आंदोलन करेगा और इसकी पूरी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी। ज्ञापन में मांग की गई है कि आगामी आयोजनों से पहले सुरक्षा, सफाई, पेयजल, बिजली, यातायात और चिकित्सा व्यवस्थाओं को लेकर ठोस कार्ययोजना बनाई जाए तथा लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों की जवाबदेही तय कर कार्रवाई की जाए।

# जनसेवा से जनविश्वास तक 8936 दिनों की मोदी यात्रा हम सबके लिए प्रेरणा : मदन राठौड़

जयपुर टाइम्स



**जयपुर(कासं.)।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व, कार्यशैली और ऐतिहासिक उपलब्धियों पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का कार्यकाल 8936 दिनों का हो चुका है, जो भारत के किसी भी राजनीतिक नेता के लिए एक रिकॉर्ड है। यह उनके निरंतर समर्पण, निर्णायक नेतृत्व और जनसेवा की मिसाल है। मदन राठौड़ ने कहा कि नरेंद्र मोदी का जीवन एक प्रेरणादायक यात्रा है ,एक साधारण परिवार से निकलकर देश के सर्वोच्च पद तक पहुंचना। बचपन में अपने पिता के साथ चाय की दुकान पर काम करने से लेकर देशभर का भ्रमण कर सामाजिक, सांस्कृतिक, भौगोलिक और राजनीतिक अनुभव प्राप्त करना उनके आरंभिक जीवन संघर्ष को दिखाता है।

उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के प्रचारक के रूप में कार्य करते हुए मोदी ने संगठन कौशल विकसित किया, जिसके बाद वे भाजपा में महामंत्री (संगठन) और फिर राष्ट्रीय स्तर पर महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हुए 2001 में गुजरात के मुख्यमंत्री बने। कठिन परिस्थितियों में उन्होंने राज्य में प्रशासनिक स्थिरता और विकास को नई दिशा दी। गुजरात में उनके कार्यकाल के दौरान सरदार सरोवर बांध की ऊंचाई बढ़ाने, नर्मदा जल को साबरमती तक पहुंचाने, बिजली और पानी की समस्याओं का समाधान करने तथा राज्य को औद्योगिक हब बनाने जैसे ऐतिहासिक कार्य हुए। आज साबरमती नदी एक प्रमुख पर्यटन स्थल बन चुकी है, जो उनकी दूरदर्शिता का उदाहरण है। गुजरात के मुख्यमंत्री के रूप में उनके कार्य अन्य राज्यों के लिए प्रेरणा बन गए ह्व पूरे देश में गुजरात मॉडल की चर्चा होने लगी थी 2014 में प्रधानमंत्री बनने के बाद मोदी ने देश के विकास की नई आधारशिला रखी। उन्होंने देश के हर गांव तक बिजली पहुंचाने, बुनियादी ढांचे को मजबूत करने, मेक इन इंडिया और भारतमाला जैसी योजनाओं के माध्यम से औद्योगिक विकास और कनेक्टिविटी को बढ़ाने का कार्य किया। किसानों के लिए मृदा स्वास्थ्य कार्ड, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, ई-नाम जैसी योजनाएं शुरू कर कृषि क्षेत्र को सशक्त एवं किसानों को संबल देने का कार्य किया । महिलाओं, युवाओं और गरीब वर्ग के लिए मुद्रा योजना सहित अनेक योजनाओं के माध्यम से आर्थिक सशक्तिकरण को बढ़ावा मिला। मदन राठौड़ ने कहा कि वैश्विक मंच पर भी प्रधानमंत्री मोदी ने भारत की प्रतिष्ठा को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया है। अनेक देशों द्वारा उन्हें सर्वोच्च सम्मानों से नवाजा गया है, जो भारत की बढ़ती वैश्विक शक्ति का प्रमाण है। उन्होंने यह भी कहा कि आज जब विश्व कई प्रकार के संकटों से गुजर रहा है, तब भारत तेज गति से आगे बढ़ रहा है। जब वैश्विक बाजार में क्रूड ऑयल की कीमतें आसमान छू रही हैं, तब भारतीय उपभोक्ताओं के हितों को ध्यान में रखते हुए पेट्रोल पर एक्साइज ड्यूटी 10 रुपएसे घटाकर 3 रुपए कर दी गई तथा डीजल पर एक्साइज ड्यूटी को शून्य कर दिया गया। इस कदम से भारतीय उपभोक्ताओं को बड़ी राहत मिली है और वैश्विक संकट के बावजूद आम जनता पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ नहीं पड़ने दिया गया। यह स्पष्ट रूप से दर्शाता है कि वर्तमान सरकार जनसेवा के प्रति कितनी संवेदनशील और प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि ऐसी दूरदर्शी नीतियां यह सुनिश्चित करती हैं कि भारत न केवल वैश्विक चुनौतियों का सामना मजबूती से करे, बल्कि अपने नागरिकों के हितों की भी पूर्ण रक्षा करे। उन्होंने विश्वास जताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत निरंतर विकास के पथ पर अग्रसर रहेगा और 140 करोड़ देशवासियों के सपनों को साकार करने का कार्य जारी रहेगा। उन्होंने कामना की कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी स्वस्थ रहें और इसी प्रकार देश के लोगों की निरंतर सेवा करते रहें।

## चांदी 200 और सोना 1500 रुपए हुआ महंगा, चांदी 233500 रुपए प्रति किलो में बेची गई

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** जयपुर सराफा बाजार में शनिवार को चांदी और सोने की कीमतों में वृद्धि देखने को मिली चांदी में जहां 200 तो सोने में 1500 रुपए की वृद्धि देखने को मिली शनिवार को जयपुर सराफा बाजार में चांदी 233500 रुपए प्रति किलो में बेची गई इसी तरह से शुद्ध सोना 149500 रुपए प्रति 10 ग्राम और जेवराती सोना 139800 रुपए प्रति 10 ग्राम शनिवार को निर्धारित था, बताया गया है कि खाड़ी देशों में युद्ध संकट की वजह से देश में सोना चांदी के कारोबार पर भी असर पड़ रहा है जयपुर सराफा बाजार ही नहीं बल्कि देश के अन्य सराफा बाजार में भी सोने और चांदी के कारोबार में पिछले कुछ महीनो से ठीक तरह से गति नहीं पड़ रहा उसकी वजह यही है कि सोने और चांदी की कीमत में लगातार उतार-चढ़ाव की स्थिति बनी हुई है इसलिए सोने और चांदी की कीमत में उतार-चढ़ाव होने की वजह से लोगों में असमंजस की स्थिति बनी हुई है जो लोग सोने और चांदी में इन्वेस्ट करने में रुचि रखते थे उन लोगों ने अब सोने और चांदी में इन्वेस्ट करना कम कर दिया है सोने और चांदी की कीमत में हो रहे लगातार उतार चढ़ाव से इन्वेस्ट करने वाले लोगों को यह लगता है कि सोने और चांदी में इन्वेस्ट करने से उन्हें नुकसान हो सकता है और उनकी पूंजी डूब सकती है इसलिए इसलिए जो लोग पहले सोने और चांदी में ज्यादा इन्वेस्ट किया करते थे वे लोग अब रियल एस्टेट जमीन जायदाद और अन्य जगहों पर अपनी पूंजी इन्वेस्ट कर रहे हैं जिसका असर सोने और चांदी के कारोबार पर भी हुआ है ।

## सेल्फी के बहाने विदेशी महिला से छेड़छाड़ का वीडियो वायरल, जयपुर पुलिस हरकत में

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कास.)।** दुनिया भर में प्रमुख पर्यटन स्थल के रूप में मशहूर जयपुर शहर देश और विदेश के पर्यटकों का शानदार तरीके से स्वागत सत्कार करने के मामले में भी पूरे देश में छाया हुआ है लेकिन अभी एक वीडियो सोशल मीडिया पर जोरदार तरीके से वायरल हो रहा है जिसमें सेल्फी के बहाने एक विदेशी महिला के साथ छेड़छाड़ करते हुए दृश्य नजर आ रहे हैं वीडियो में विदेशी महिला खुद को काफी असहज भी महसूस करती हुई दिख रही है हालांकि विदेशी महिला ने आधिकारिक रूप से कोई शिकायत पुलिस में दर्ज नहीं करवाई है लेकिन जिस तरह से यह वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है उसके बाद जयपुर पुलिस के अधिकारी हरकत में आ गए हैं और इस पूरे वीडियो की छानबीन करते हुए दोषी लोगों तक पुलिस पहुंचने का प्रयास कर रही है जानकारी के अनुसार सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है यह वीडियो जयपुर के ब्रह्मपुरी थाना इलाके से जुड़ा बताया जा रहा है इसलिए ब्रह्मपुरी थाना पुलिस तथा साइबर थाना पुलिस इस मामले को काफी गंभीरता से देख रही है क्योंकि मामला विदेशी महिला से जुड़ा हुआ है और एक दिन पहले ही पर्यटन मंत्री दिया कुमारी ने पर्यटन विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक आयोजित करके साफ निर्देशित किया था कि जयपुर में और प्रदेश में जहां भी पर्यटक आते हैं उनकी सुरक्षा और सुविधा का पूरा ध्यान रखा जाए अब क्योंकि यह मामला राजधानी जयपुर से ही जुड़ा हुआ है इसलिए जयपुर पुलिस इस मामले को काफी गंभीरता से देख रही है ।

## उत्तर पश्चिम रेलवे के अजमेर मंडल की माल लदान एवं राजस्व के क्षेत्र मे ऐतिहासिक उपलब्धि

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कास.)।** उत्तर पश्चिम रेलवे के अजमेर मंडल ने माल लदान एवं राजस्व के क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रदर्शन करते हुए नये कीर्तिमान स्थापित किये हैं। अजमेर मंडल ने वित्तीय वर्ष 2025-26 में 26 मार्च 2026 तक माल लदान में 10 मिलियन टन के बेंचमार्क को पार करते हुए माल राजस्व में पहली बार 1,000 करोड़ का आंकड़ा पार कर एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है, जो क्षेत्रीय औद्योगिक एवं आर्थिक गतिविधियों को गति देने में इसकी अहम भूमिका को दर्शाता है। उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी अमित सुदर्शन के अनुसार अजमेर मंडल ने माल लदान में उत्कृष्ट प्रदर्शन के साथ समयपालनता के क्षेत्र में भी पूरे भारतीय रेल में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। यह उपलब्धि यात्रियों एवं माल ग्राहकों दोनों के लिए विश्वसनीय और समयबद्ध सेवा प्रदान करने की प्रतिबद्धता को प्रदर्शित करती है। उत्तर पश्चिम रेलवे रेल परिवहन को और अधिक सुदृढ़ बनाने के लिए उन्नत और संरक्षात्मक योजनाएं बनाना और इसके साथ ही सभी विभागों का आपसी समन्वय, ट्रैक और सिग्नल प्रणाली के नियमित निरीक्षण, आवश्यक मरम्मत कार्यों का समय पर निष्पादन और तकनीकी संसाधनों के प्रभावी उपयोग के माध्यम से रेल संचालन को और सुचारू बनाया गया है। इसके अलावा विभिन्न स्टेशनों पर कर्मचारियों को समयपालनता के महत्व के प्रति जागरूक किया जाता है और उन्हें बेहतर संचालन के लिए प्रोत्साहित किया जाता है। अजमेर मंडल द्वारा वित्तीय वर्ष 2025-26 में 26 मार्च 2026 तक 1,64,380 वैगनों में कुल 10.03 मिलियन टन माल लदान कर कुल 1,002.28 करोड़ रुपये का माल राजस्व अर्जित किया गया है। जो निर्धारित वार्षिक लक्ष्य 847 करोड़ रुपये से 18.33 प्रतिशत अधिक है। अजमेर मंडल का यह प्रदर्शन पश्चिमी राजस्थान के औद्योगिक क्षेत्रों, जैसे सीमेंट, खनिज, कंटेनर परिवहन एवं कृषि उत्पादों के कुशल परिवहन से संभव हुआ है। आधुनिक इंफ्रास्ट्रक्चर, बेहतर ट्रैक क्षमता, और डिजिटल तकनीकों के उपयोग ने माल परिवहन को तेज, संरक्षित और अधिक सुगम बनाया है।

## 9 साल के बच्चे ने फांसी लगाकर आत्महत्या की, पेड़ से लटका मिला शव

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कास.)।** प्रदेश के डूंगरपुर जिले के बिछीवाड़ा थाना इलाके के मड़वा बीयोला गांव में चौथी क्लास में पढ़ने वाले 9 साल के बच्चे ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली बच्चों की लाश घर के नजदीक पेड़ से लटकी हुई मिली है सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और लाश को कब्जे में किया तथा घटना स्थल से आवश्यक तथ्य और सबूत भी एकत्रित किए गए है प्रथम दृश्य यह मामला आत्महत्या का माना जा रहा है लेकिन पुलिस इस मामले से जुड़े अन्य पहलुओं पर भी जांच पड़ताल कर रही है क्योंकि 9 साल के बच्चे का इस तरह से पेड़ से लटक कर फांसी लगाना पुलिस के ठीक तरह से गले नहीं उतर रहा इसलिए पुलिस का कहना है कि फिलहाल मृतक की बॉडी का पोस्टमार्टम करवाया जा रहा है और पोस्टमार्टम की रिपोर्ट मिलने के बाद पुलिस की जांच को सही दशा मिल पाएगी इस हादसे के बाद मृतक के परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल हो गया है जानकारी के अनुसार मृतक की मां अपने 9 साल और 11 साल दो बेटों को घर पर छोड़कर गेहूं की फसल काटने खेत पर गई हुई थी दोनों बच्चे खेल रहे थे लेकिन बाद में छोटे बच्चे की लाश घर के नजदीक पेड़ से लटकी हुई मिली पुलिस मृतक बच्चे के परिजनों से पूछताछ करके पता लगा रही है कि कहीं उनकी किसी से दुश्मनी तो नहीं चल रही थी या फिर मृतक बच्चे को किसी बात को लेकर डांट फटकार तो नहीं लगाई थी या फिर बच्चों की किसी अन्य बच्चों मृतक बच्चे को किसी बात को लेकर डांट फटकार तो नहीं लगाई थी या फिर मृतक बच्चे की किसी अन्य बच्चों से लड़ाई तो नहीं हुई थी इन सब विषयों के बारे में पुलिस जांच पड़ताल कर रही है पुलिस इस बात की भी हड़ताल कर रही है की कहानी बच्चों की हत्या करके उसके शव को पेड़ से तो नहीं लटका दिया गया इसलिए पुलिस इस मामले की गंभीरता से जांच पड़ताल कर रही है ।

## कांग्रेस नेताओं की आंखों पर चढ़ा राजनीति का चश्मा, विपक्ष कर रहा भ्रामक प्रचारः गोदारा

जयपुर टाइम्स




**जयपुर(कासं.)।** तेल-गैस आपूर्ति को लेकर गलत तथ्यों और भ्रामक प्रचार के साथ किए जा रहे कांग्रेस के विरोध-प्रदर्शन को खाद्य एवं आपूर्ति मंत्री सुमित गोदारा ने शर्मनाक बताया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में तेल और गैस की उपलब्धता पर्याप्त एवं आपूर्ति सामान्य है, लेकिन कांग्रेस नेताओं द्वारा सामान्य स्थिति को भी राजनीति के चश्मे से देखा जा रहा है और हालात असामान्य बताकर झूठ फैलाया जा रहा है। सुमित गोदारा ने कहा कि घरेलू एलपीजी की आपूर्ति 100 फीसदी की जा रही है, जबकि कॉमर्शियल सिलेंडर भी आवश्यकतानुसार सप्लाई किए जा रहे हैं। वहीं, पेट्रोल पंपों पर भी पेट्रोल-डीजल की आपूर्ति सुचारू है। इसके अलावा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा पेट्रोल पर एक्साइज ड्यूटी 13 रुपये से घटाकर 3 रुपये एवं डीजल पर एक्साइज ड्यूटी शून्य कर दी गई है, ताकि आमजन पर अतिरिक्त बोझ ना पड़े। फिर भी कांग्रेस महंगाई का झूठा राग अलाप रही है। उन्होंने कहा कि गत कांग्रेस सरकार के समय जब कोविड महामारी फैली थी, तब प्रदेश भाजपा ने सरकार के साथ कंधे से कंधा मिलाकर कार्य किया था। ऐसे में पश्चिम एशिया में चल रहे संकट के समय भी एकजुट होकर कार्य करने की जरूरत है। इसी के चलते मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने सर्वदलीय बैठक कर विपक्ष के साथियों से भी सुझाव लिए थे। लेकिन अब विपक्ष विरोध-प्रदर्शन की गंदी राजनीति कर रहा है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी में अंतर्कलह और गुटबाजी चरम पर है। यही कारण है कि उनके प्रदेशाध्यक्ष गोविंद डोटासरा खुद जगह बचाए रखने के लिए तथ्यहीन बयानबाजी करते हैं और सुर्खियों में बने रहने की कोशिश करते हैं।

## जयपुर जहां पूरी सरकार बैठी है, वहां सिलेंडरों की सबसे ज्यादा कालाबाजारीः टीकाराम जूली

जयपुर टाइम्स



**जयपुर(कासं.)।** राजस्थान विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने कहा कि राजस्थान की आम जनता रसोई गैस के लिए परेशान हो रही है। लोग मजबूरी में महंगे दामों पर सिलेंडर खरीद रहे हैं। जूली ने कहा कि सरकार की लगातार बढ़ती लापरवाही अब जनता के लिए असहनीय हो चुकी है, जनता का सब्र टूट रहा है। सरकार को चाहिए कि समय रहते जनता की समस्याओं पर गंभीरता से ध्यान दे। जूली ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर तेल खरीद की स्थितियों का जिक्र करते हुए कहा कि महंगी खरीद का सीधा बोझ आम आदमी की जेब पर पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि पहले जब रुपये की स्थिति पर सवाल उठते थे, तो उसे प्रतिष्ठा से जोड़ा जाता था, लेकिन अब हालात बिगड़ने पर सरकार के पास कोई जवाब नहीं है। एक तरफ सरकार दावा कर रही है कि कहीं कोई किल्लत नहीं है, जबकि दूसरी तरफ प्रदेश भर में गैस सिलेंडर के लिए मारामारी मची है। इन आर्थिक मुद्दों पर जनता के सामने स्थिति स्पष्ट होनी चाहिए,
गैस की किल्लत के बीच हो रही कालाबाजारी पर कड़ा प्रहार करते हुए नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि सरकार की ढिलाई से मुनाफाखोरों के हौसले बुलंद हैं। खुद खाद्य और नागरिक आपूर्ति विभाग की रिपोर्ट के अनुसार प्रदेश भर से कालाबाजारी की 1319 शिकायतें मिली हैं। यह चिंताजनक है कि राजधानी जयपुर, जहाँ पूरी सरकार बैठती है, वह कालाबाजारी का मुख्य केंद्र बन गया है। आंकड़ों के मुताबिक कुल शिकायतों में से लगभग 60 प्रतिशत शिकायतें अकेले जयपुर जिले से हैं, जिससे स्पष्ट है कि सरकार इस संकट को रोकने में पूरी तरह विफल रही है। जूली ने कहा कि कांग्रेस पार्टी मजबूती से जनता के साथ खड़ी है और इस संकट के खिलाफ अपना संघर्ष जारी रखेगी। उन्होंने मांग की कि सरकार केवल कागजी दावों के बजाय जमीनी स्तर पर सुधार करे और कालाबाजारी करने वालों पर सख्त कार्रवाई कर आम जनता को राहत पहुंचाए।

## पुलिस कमिश्नर सचिन मित्तल ने बस्सी थाने में लगाया जनता दरबार, लोगों की सुनी समस्याएं

जयपुर टाइम्स




**जयपुर(कासं.)।** जयपुर पुलिस कमिश्नर सचिन मित्तल ने शनिवार को बस्सी थाने का निरीक्षण किया और मौके पर ही जनसुनवाई कार्यक्रम का आयोजन किया , बस्सी पुलिस स्टेशन में आयोजित जनसुनवाई कार्यक्रम में बस्सी के अलावा कानोता और तुंगा पुलिस स्टेशन से जुड़े पीड़ित लोगों को भी यहां सनी के लिए आमंत्रित किया गया था इसलिए बस्सी थाने में ही तीन थानों से जुड़े फरियादियों की पीड़ा शनिवार को सचिन मित्तल ने सुनी और शिकायतों के समाधान के लिए संबंधित अधिकारियों को दिशा निर्देश भी दिए घ्पुलिस कमिश्नर ने थाने में दर्ज मुकदमों की संख्या, मुकदमों में अपराध की प्रवृत्ति, मुकदमों की जांच पेंडेंसी, इलाके में पुलिस की निगरानी की व्यवस्था, शिकायती रजिस्टर, रोजनामचा, हवालात सुविधा, मैस व्यवस्था इत्यादि के बारे में जानकारी हासिल की तथा थाने में स्टाफ की कमी इत्यादि विषयों पर भी मौके पर मौजूद पुलिस अधिकारियों से सवाल जवाब किया पुलिस कमिश्नर ने बातचीत के दौरान अधिकारियों से साफ कहा कि हर फरियादी की रिपोर्ट दर्ज की जाए और जल्दी से जल्दी उसे इंसाफ दिलाया जाए पुलिस कमिश्नर ने पुलिस स्टेशन में महिलाओं की समस्याओं को सुनने के लिए अलग से सुनिश्चित की गई व्यवस्था का भी निरीक्षण किया पुलिस कमिश्नर सचिन मित्तल ने जनसुनवाई कार्यक्रम का आयोजन किया जिसमें बड़ी संख्या में फरियादियों ने अपनी पीड़ा पुलिस कमिश्नर को बताई पुलिस कमिश्नर ने प्रत्येक फरियादी की शिकायत को ध्यान से सुना और उसके निवारण के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए इस मौके पर थाने के सीएलजी मेंबर भी बुलाए गए थे पुलिस कमिश्नर ने क्लग मेंबरों से भी बातचीत की और इलाके में शांति और कानून व्यवस्था अब बनी रहे इसके लिए सीएलजी मेंबरों को अपनी जिम्मेदारी ईमानदारी से निभाने की बात कही गौर तलब है कि पुलिस कमिश्नर सचिन मित्तल समय समय पर खुद पुलिस स्टेशन में जाकर वहां की व्यवस्थाओं को अपनी आंखों से देखते हैं और आवश्यक दिशा निर्देश भी देते हैं तथा मौके पर ही जनसुनवाई कार्यक्रम का भी आयोजन करते रहे हैं यह कोई पहला मौका नहीं है जब सचिन मित्तल ने बस्सी पुलिस स्टेशन का दौरा किया हो और जनसुनवाई कार्यक्रम का आयोजन किया हो इससे पहले भी सचिन मित्तल कई पुलिस स्टेशन में जाकर वहां जनता दरबार लगा चुके हैं और लोगों की समस्याओं का समाधान भी करवाया है इसलिए सचिन मित्तल के इन प्रयासों को सभी लोग काफी अच्छा बता रहे हैं ।

## राजस्थान भाजपा के 11 बड़े नेताओं को पश्चिम बंगाल में चुनाव प्रचार की जिम्मेदारी दी गई

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** पश्चिम बंगाल में बड़ी संख्या में प्रवासी राजस्थानी रहते हैं इसलिए आगामी विधानसभा चुनाव में पश्चिम बंगाल में भारतीय जनता पार्टी की जीत को सुनिश्चित करने के लिए राजस्थान से भी भारतीय जनता पार्टी के 11 बड़े नेताओं को पश्चिम बंगाल में चुनाव प्रचार की जिम्मेदारी दी गई है जिन नेताओं को पश्चिम बंगाल में चुनाव प्रचार की जिम्मेदारी दी गई है उनमें राज्य वित्त आयोग के अध्यक्ष अरुण चतुर्वेदी, राजस्थान भाजपा के पूर्व अध्यक्ष अशोक परनामी, राजस्थान किसान आयोग के अध्यक्ष सी आरचौधरी, पूर्व विधायक मोहनलाल गुप्ता पूर्व विधायक सुरेंद्र पारीक जयपुर के पूर्व सांसद रामचरण बोहरा पूर्व विधायक रामलाल शर्मा प्रदेश भाजपा के प्रवक्ता दशरथ सिंह और अन्य नेताओं को प्रचार की जिम्मेदारी सुनिश्चित की गई है जानकार लोगों का कहना है कि भारतीय जनता पार्टी का दिल्ली दरबार इस बार पश्चिम बंगाल में पार्टी की जीत को सुनिश्चित करने के लिए पूरी रणनीति के अनुसार चुनाव प्रचार के कार्यक्रम को अंजाम दे रहा है इसलिए भाजपा का दिल्ली दरबार यह अच्छी तरह से जानता है कि राजस्थान के लोग बड़ी संख्या में पश्चिम बंगाल में रहते हैं और वहां कई तरह के कारोबार भी करते हैं पश्चिम बंगाल में प्रवासी राजस्थानियों की संख्या को देखते हुए भाजपा के दिल्ली दरबार ने राजस्थान बीजेपी से प्रचार के लिए नेताओं के बारे में आवश्यक फीडबैक जुटा था जिसमें अब 11 नेताओं को पश्चिम बंगाल में चुनाव प्रचार के लिए चयनित किया गया है यह सभी नेता पश्चिम बंगाल में उन विधानसभा सीटों पर प्रचार करेंगे जहां प्रवासी राजस्थानी बड़ी संख्या में रहते हैं वहां इन नेताओं को अलग-अलग विधानसभा सीटों पर चुनाव प्रचार की जिम्मेदारी दी जाएगी जानकारी के अनुसार राजस्थान भाजपा के इन 11 नेताओं के अलावा पार्टी के कई और नेताओं को भी समय-समय पर पश्चिम बंगाल असम केरल और अन्य राज्यों में चुनाव प्रचार के लिए भेजा जाएगा जिसमें मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के दौर भी चुनाव प्रचार के लिए सुनिश्चित किए जाएंगे जानकारी के अनुसार पश्चिम बंगाल में भी भजन लाल शर्मा के चुनाव प्रचार के कार्यक्रम सुनिश्चित किए जाएंगे जिसमें कई जगहों पर मुख्यमंत्री शर्मा की ओर से जनसभाओं को संबोधित करने का कार्यक्रम भी रखा जाएगा ।

## स्पीकर वासुदेव देवनानी युवा विधायक सम्मेलन में शामिल होने के लिए आज भोपाल जाएंगे

जयपुर टाइम्स



**जयपुर(कासं.)।** राजस्थान विधानसभा के अध्यक्ष वासुदेव देवनानी युवा विधायक सम्मेलन में शामिल होने के लिए आज भोपाल जा रहे हैं यह सम्मेलन दो दिनों तक आयोजित होगा इस सम्मेलन में राजस्थान मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ के करीब 70 युवा विधायक शामिल होंगे 45 साल तक के विधायकों को इस सम्मेलन में आमंत्रित किया गया है सम्मेलन को लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला भी संबोधित कर सकते हैं इसके अलावा राजस्थान मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ विधानसभा के अध्यक्ष को भी आमंत्रित किया गया है यह सम्मेलन कल और परसों आयोजित किया जाएगा जानकारी के अनुसार मध्य प्रदेश विधानसभा परिसर में आयोजित हो रहे इस सम्मेलन में राजस्थान के 22 मध्य प्रदेश के 37 और छत्तीसगढ़ के 15 विधायक शामिल हो रहे हैं इस सम्मेलन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत 2047 के संकल्पको हासिल करने में युवा विधायकों की भूमिका और योगदान पर गंभीरता से चर्चा होगी सम्मेलन में विभिन्न राज्यों के विधानसभा अध्यक्ष युवा विधायकों को विधानसभा की कार्रवाई से जुड़े विभिन्न विषयों नियम और नैतिक आचरण की जानकारी प्रदान करने के साथ-साथ यह बताने का प्रयास करेंगे कि पूरे विश्व में भारत में युवा शक्ति सबसे अधिक है और अगर युवा विधायक जिम्मेदारी से अपने कर्तव्य उत्तरदायित्व का निर्वहन करते हुए जनता से जुड़े विषयों को विधानसभा में रखें तो अच्छी कल्याणकारी योजनाएं सरकारों की ओर से बनाई जा सकती है

30 और 31 मार्च को भोपाल में आयोजित हो रहे इस युवा सम्मेलन में स्पीकर वासुदेव देवनानी के भाषण पर भी सबकी निगाह टिकी हुई है क्योंकि स्पीकर के रूप में वासुदेव देवनानी का कार्यकाल राजस्थान में काफी अच्छा माना जा रहा है देवनानी भारतीय जनता पार्टी के काफी वरिष्ठ और कर्मठ नेता माने जाते हैं कई बार के विधायक हैं और पूर्व में मंत्री भी रह चुके हैं तथा संघ समर्पित नेताओं में देवनानी का नाम टॉप पर आता है इसलिए विधानसभा की कार्रवाइयों और नियमों के बारे में देवनानी को बहुत अच्छा नॉलेज है इसलिए युवा विधायक सम्मेलन में देवनानी के भाषण को सुनने के लिए युवा विधायक भी काफी सहित हैं इस सम्मेलन को मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव और कई अन्य बड़े नेता संबोधित कर सकते हैं ।

## जयपुर के जवाहर नगर में 600 किलो नकली पनीर बरामद, मौके पर फूड सेफ्टी विभाग की टीम बुलाई गई

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** प्रदेश के जवाहर नगर थाना इलाके में पुलिस और खाद्य विभाग की टीमों की ओर से पिछले कुछ दिनों से लगातार नकली खाद्य पदार्थ बरामद किए जा रहे हैं इस इलाके में आए दिन पुलिस की ओर से नकली पनीर, घी, मावा इत्यादि खाद्य पदार्थ बरामद किए जा रहे हैं पिछले कुछ दिनों से समय-समय पर यहां पर पुलिस की छापामार कार्रवाई के दौरान भारी मात्रा में बरामद किए गए इन नकली खाद्य पदार्थों से ऐसा दिख रहा है कि यह इलाका नकली खाद्य पदार्थ के कारोबार करने वाले लोगों का एक बड़ा केंद्र बन गया है इसलिए पुलिस और खाद्य विभाग की टीम जवाहर नगर इलाके पर कड़ी निगरानी रखे हुए हैं हाल ही में पुलिस ने राधे डेयरी प्रतिष्ठान पर छापामार कार्रवाई को अंजाम देकर मौके से 600 किलो नकली पनीर बरामद किया है पुलिस ने मौके पर खाद्य विभाग की टीम को बुलाया है खाद्य विभाग की टीम ने जांच के लिए नकली पनीर के सैंपल ले लिए हैं इन सैंपल को अब लेबोरेटरी में जांच के लिए भेजा जाएगा जांच रिपोर्ट आने के बाद दोषी लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी पुलिस और खाद्य विभाग की टीमों ने बरामद किए गए नकली पनीर को नष्ट करवा दिया है तथा बरामद किया गया नकली पनीर कहां से और किसके यहां से आया था इसके बारे में भी जांच पड़ताल की जा रही है तथा बरामद किए गए नकली पनीर को शहर में कहाँ-कहाँ सप्लाई किए जाने की संभावना थी इसके बारे में भी जांच पड़ताल की जा रही है तथा जी प्रतिष्ठान पर की संभावना थी इसके बारे में भी जांच पड़ताल की जा रही है तथा जिस प्रतिष्ठान पर यह छापामार कार्रवाई को अंजाम दिया गया वह प्रतिष्ठान और किन-किन खाद्य पदार्थ की बिक्री करता है इसके बारे में भी जांच पड़ताल की जा रही है क्योंकि पुलिस को संदेह है कि हो सकता है इस प्रतिष्ठा से ज्यादातर नकली खाद्य पदार्थ थी सप्लाई किए जाते हो इसलिए पुलिस इस मामले को गंभीरता से देख रही है तथा खाद्य विभाग की टीम भी इस मामले की गंभीरता से अपने स्तर पर जांच पड़ताल कर रही है ।

## किफायती दरों पर आधुनिक सुविधाओं से युक्त आवास प्रदान करने के लिए मण्डल निरंतर प्रयासरत- आवासन आयुक्त

**जयपुर(कासं.)।** राजस्थान आवासन मण्डल की समृद्धि अपार्टमेंट योजना को स्चहृष्ट॥ गोल्ड अवार्ड मिला है ।मण्डल की ओर से आवासन आयुक्त डॉ. रश्मि शर्मा ने यह अवार्ड शनिवार को दिल्ली के इंडिया हैबिटेट सेंटर में आयोजित समारोह में ग्रहण किया। आवासन आयुक्त डॉ. रश्मि शर्मा ने कहा की मण्डल को राष्ट्रीय स्तर पर सम्मान प्राप्त होने से आमजन में मण्डल की प्रतिष्ठा फिर से कायम हुई है। उन्होंने स्कॉच गोल्ड अवार्ड मिलने पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए मण्डल की पूरी टीम को बधाई दी है। उन्होनें बताया कि समृद्धि आवासीय योजना में दो प्रकार के फ्लैट बनाये गए थे जिसमें 960 वर्ग फ़ीट वाले फ्लैट की कीमत 33 लाख अनुमानित थी वहीं 1100 वर्गफीट की कीमत 36 लाख अनुमानित थी , लेकिन मण्डल ने उसी उच्च गुणवत्ता के साथ प्रत्येक फ्लैट 960 वर्ग फ़ीट वाला 31 लाख में एवं 1100 वर्गफीट वाला 35 लाख में दिया है।

जयपुर, रविवार
29 मार्च, 2026

## सम्पादकीय

### ईरान के फैसले से भारत समेत दुनिया को बड़ी राहत



पश्चिम एशिया में अमेरिका और इजरायल के हमले के बाद ईरान ने जवाब के तौर पर जो मोर्चे खोले, उसमें होर्मुज जलमार्ग को बाधित करना उसकी एक कारगर रणनीति साबित हुई है। इसी वजह से आज हालत यह है कि दुनिया के कई देश ईरान के सख्त रुख की वजह से कच्चे तेल और गैस के संकट का सामना कर रहे हैं। इनमें वैसे देश भी हैं, जिन्होंने ईरान पर अमेरिका और इजरायल के हमले में कोई प्रत्यक्ष भागीदारी नहीं की है, वे किसी भी पक्ष में मैदान में नहीं हैं और मतभेद के मुद्दों का हल संवाद के जरिए करने के समर्थक हैं। भारत ने भी पश्चिम एशिया में उभरे संकट का समाधान बातचीत से निकालने के लिए आवाज उठाई है। शायद यही वजह है कि अब ईरान ने होर्मुज जलमार्ग से चीन और रूस सहित जिन पांच देशों को अपने जहाज निकालने की छूट दी है, उनमें भारत भी शामिल है। यों भारत आने वाले चार जहाज पहले ही होर्मुज जलमार्ग को पार कर चुके हैं, लेकिन अठारह जहाज उसी इलाके में फंसे हुए थे। ईरान के ताजा रुख के बाद उम्मीद जताई जा रही है कि भारत के बाकी जहाज वहां से निकल कर आ सकेंगे और इससे देश में तेल और गैस के गहराते संकट को कम करने में मदद मिलेगी। हालांकि अमेरिका और इजरायल को लेकर ईरान अब भी सख्त है और शांति प्रस्तावों को लेकर भी उसने कोई सकारात्मक प्रतिक्रिया नहीं दी है। मगर होर्मुज जलमार्ग पर उसके रुख में आई नरमी से दुनिया के कुछ देशों को राहत मिल सकती है। बाकी ईरान जिन्हें शत्रु देश मानता है, उनके जलपोतों को लेकर वह अब भी सख्त है। जहां तक भारत का सवाल है, तो ईरान के विदेश मंत्री ने कहा कि हमने कुछ ऐसे देशों को होर्मुज जलडमरूमध्य से गुजरने की इजाजत दी है, जिन्हें हम मित्र मानते हैं। इसमें चीन, रूस, भारत, इराक तथा पाकिस्तान शामिल हैं। दरअसल, पिछले कुछ दिनों से भारत ईरान के साथ लगातार कूटनीतिक संवाद के जरिए पश्चिम एशिया में संघर्ष खत्म कराने के साथ-साथ होर्मुज जलमार्ग से अपने लिए भी एक रास्ता निकालने की कोशिश कर रहा था। कुछ उतार-चढ़ाव को छोड़ दें, तो भारत और ईरान के संबंध दोस्ताना रहे हैं। ऐसे में अगर ईरान ने अगर होर्मुज जलमार्ग के रास्ते आवागमन के लिए भारत को भी सुविधा दी है, तो कूटनीतिक संवाद के एक सकारात्मक हासिल के साथ-साथ इसे उन्हीं संबंधों की एक कड़ी के तौर पर देखा जा सकता है। गौरतलब है कि होर्मुज जलमार्ग फारस की खाड़ी और ओमान की खाड़ी के बीच एक संकरा रास्ता है, जिससे होकर दुनिया के कई देशों के जलपोत आवाजाही करते हैं। दुनिया के करीब बीस फीसद तेल और तरल प्राकृतिक गैस का परिवहन इसी रास्ते से होता है। यही वजह है कि ईरान ने जब से होर्मुज जलमार्ग को बाधित किया है, उसके बाद से विश्व भर में तेल और गैस की कीमतों में अप्रत्याशित उछाल आया है। भारत की भी ऊर्जा खरीद का एक प्रमुख स्रोत पश्चिम एशिया रहा है। मौजूदा संकट के बीच सरकार ने तेल और गैस का पर्याप्त भंडार होने की बात कही है, लेकिन सच यह है कि आम लोग रसोई गैस, तेल और उर्वरकों की कमी से उपजी मुश्किल का सामना कर रहे हैं।



## कहानी

### भक्ति

एक सुंदर युवती चिन्ताग्रस्त बैठी थी । मन में विचारों की भयानक उथल-पुथल चल रही है । उसके सामने दो वृध्द पुरुष मूर्चि्छत पडे हैं । उस युवती की दासी उन्हें जगाने का प्रयास कर रही है । इतने में, "नारायण, नारायण" कहते हुए नारदमुनि वहां उपस्थित होते हैं । उन्हें देखते ही उस युवती को अत्यन्त आनन्द हुआ है । उसने नारदजी को वंदन कर करुणाभरे स्वर में कहा, "मुनिवर, आप जैसे भगवद् भक्त के दर्शन से मैं धन्य हुई । मेरे इस संकट की घडी में आपकी कृपा होगी, तो मुझे विश्वास है कि मेरे सारे दु:ख दूर हो जाएंगे और अच्छे दिन लौट आएंगे !" उस युवती की बातों को सुनकर आश्चर्यचकित नारदजीने पूछा, "माता, आप कौन हैं ये वृध्द पुरुष आपके कौन लगते हैं, इन्हें क्या हुआ है, इस समय मैं आपकी कौन-सी सहायता कर सकता पूरी बात बताइए !" उस सुंदर युवतीने अपने विषय में कहना आरंभ किया, "मेरा नाम भक्ति है । मैं इस पृथ्वीपर सनातन काल से रहती हूं । सामने मूर्छित पडे ये दो पुरुष, ज्ञान और वैराग्य, मेरे सेवक हैं, जिनसे मैं पुत्रवत प्रेम करती हूं और उनका लालन-पालन भी करती हूं । हम द्रविड देश के निवासी, कर्नाटक प्रदेश में भी भ्रमण करते थे । जबसे कलियुग आरम्भ हुआ है, तबसे लोग हमसे बात नहीं करते; हमारे बुरे दिन आरम्भ हो गए हैं । लोग स्वार्थ पूर्ति के पीछे पडे हैं । हमारी अर्थात भक्ति, ज्ञान, वैराग्य की किसी को चिन्ता नहीं है । लोग सच्चे ज्ञान को छोडकर झूठे ज्ञानपर विश्वास करने लगे हैं । मेरी मुक्ति नाम की सखी थी । पहले, लोग उसके लिए प्रत्येक प्रकार का त्याग करने के लिए तत्पर रहते थे, कोई भी कष्ट उठाने के लिए उद्यत रहते थे । किन्तु, इस कलियुग में लोगों ने उस श्रेष्ठ मुक्ति को ही वैकुंठ भेज दिया और मुक्ति के बदले शक्ति, युक्ति तथा आसक्ति को ही भजने लगे । ऐसी स्थिति में मुझ भक्ति को उस प्रदेश से निकल जाना पडा । उस समय ज्ञान मेरे पीछे बछडे समान लगा रहा और अब बूढा हो गया है । वैराग्यने भी कभी मेरा साथ नहीं छोडा । पश्चात, हम महाराष्ट्र राज्य में घूमे । वहां हमारे अच्छे दिन बीते । वहांके लोगोंने उस प्राचीन ज्ञान को नया रूप दिया । वैराग्य का थोडा विकास किया और मेरी भक्ति का रसपान किया । हमें आनंद हुआ । प्रतीत हुआ कि महाराष्ट्र वस्तुतः महान् राष्ट्र है ! किन्तु, कलियुग का प्रभाव जैसे-जैसे बढता गया, वैसे-वैसे हमारे लिए बुरे दिन आते गए । लोग पाखण्डी बन गए । उन्हें ज्ञान का गर्व हुआ । ढोंगी वैराग्य फूलने-फलने लगा और दांभिक भक्ति का प्रदर्शन आरंभ हुआ । तब हम गुर्जर (गुजरात) प्रांत में रहने चले गए । किन्तु, यहां की स्थिति विचित्र दिखी ! यहां के लोगों को धन ही परमार्थ प्रतीत होता था । धनार्जन में डूबे उन लोगों की दृष्टि से ज्ञान, भक्ति और वैराग्य का महत्वशून्य था ! वहां हमारे प्रयत्न पूर्णतः विफल रहे । पश्चात हम इस यमुना के तटपर गोकुल-वृंदावन में आए । भगवान श्रीकृष्ण के निवास से पवित्र बना यह प्रदेश ! किन्तु, यहां भी वही बातें । ज्ञान और वैराग्य मुझसे अधिक वृध्द ! किन्तु, ये मेरे दास हैं । ईश्वर की कृपासे मैं सदैव युवती हूं । किन्तु, सबलोग मुझे माता मानते हैं । मेरे इन पुत्रों की दुर्दशा मुझसे देखी नहीं जाती । इनकी मूर्च्छा समाप्त हो और संसार इनसे पुनः लाभान्वित हो, ऐसी मेरी इच्छा है ।

# दूरगामी असर वाले विधानसभा चुनाव



लिहाजा तमिलनाडु, केरल और सबसे ज्यादा पश्चिम बंगाल में देश की रुचि है। बंगाल की जनसांख्यिकी के साथ 15 साल से सत्ता में बनीं ममता बनर्जी की जो राजनीति है, उसमें कोई भी यह भविष्यवाणी करने से बच रहा है कि वह चौथी बार सत्ता में नहीं आ सकतीं, पर एक फार्मूला इन तीनों राज्यों में बहुत प्रखर है और वह है एंटी इनकंबेंसी। बंगाल की लगभग एक चौथाई सीटें ऐसी हैं, जहां 30 प्रतिशत से ज्यादा मुस्लिम वोटर हैं और वे नैरेटिव के आधार पर भाजपा के खिलाफ हैं। ममता की चुनावी शक्ति का यह बड़ा आधार है, लेकिन उन्हें पिछली बार इसका अहसास हो गया था कि जमीन भुरभुरी हो रही है। विकास की तड़प और बदलाव की छटपटाहट भी एक बड़े वर्ग में है। प्रबुद्ध वर्ग के अंदर तृणमूल सरकार की कई नीतियों को लेकर बेचैनी है। संदेशखाली से लेकर आरजी कर मेडिकल कालेज में महिलाओं के साथ हुई निर्ममता ने महिला सुरक्षा और संवेदनशीलता को झकझोर दिया है। विपक्षी दल इसे फिर से याद दिला रहे हैं। ममता सरकार इससे अनभिज्ञ नहीं होगी, लेकिन पता नहीं कि वे भद्रलोक की आशंकाओं को निर्मूल करने के लिए क्या कर रही हैं?

अगले डेढ़ माह में चार राज्यों और एक केंद्रशासित प्रदेश में नई सरकार बननी है। नजरें इस पर टिकी हैं कि इन राज्यों में सत्तारूढ़ पार्टी क्या वापस जनादेश पाती है या फिर विपक्ष में बैठे दल काबिज होते हैं? जाहिर तौर पर वापसी का बड़ा कारण तो जनहित में लिए गए फैसले ही होते हैं, पर महत्वपूर्ण कारक विभिन्न दलों के नेतृत्व की विश्वसनीयता भी है

एक पहलू नैरेटिव का भी होता है। जनता यह आकलन करती है कि केवल उनका ही नहीं, उनके बच्चों का भी भविष्य संबंधित दल कितना सुरक्षित रख पाएंगे? विधानसभा चुनावों में हालांकि यह सीमित होता है, पर कई बार तो यह पैमाना परिवार और बच्चों से आगे बढ़कर देश तक पहुंचता है। चुनावी राज्यों में ये पहलू प्रभावी रहने वाले हैं।

असम को लेकर बहुत असमंजस नहीं है और इसका बड़ा कारण यह है कि विपक्षी कांग्रेस के नेता भी अपनी तैयारी से संतुष्ट नहीं दिख रहे हैं। नेतृत्व, प्रदर्शन और नैरेटिव के मोर्चे पर फिलहाल सत्ताधारी भाजपा काफी आगे खड़ी है। राज्य में घुसपैठ एक बड़ा मुद्दा बना हुआ है और भाजपा इसके विरुद्ध चैंपियन बनकर खड़ी है। पुडुचेरी केंद्रशासित प्रदेश है और वहां तमिलनाडु की राजनीति का असर होता है।

लिहाजा तमिलनाडु, केरल और सबसे ज्यादा पश्चिम बंगाल में देश की रुचि है। बंगाल की जनसांख्यिकी के साथ 15 साल से सत्ता में बनीं ममता बनर्जी की जो राजनीति है, उसमें कोई भी यह भविष्यवाणी करने से बच रहा है कि वह चौथी बार सत्ता में नहीं आ सकतीं, पर एक फार्मूला इन तीनों राज्यों में बहुत प्रखर है और वह है एंटी इनकंबेंसी। बंगाल की लगभग एक चौथाई सीटें ऐसी हैं, जहां 30 प्रतिशत से ज्यादा मुस्लिम वोटर हैं और वे नैरेटिव के आधार पर भाजपा के खिलाफ हैं।

ममता की चुनावी शक्ति का यह बड़ा आधार है, लेकिन उन्हें पिछली बार इसका अहसास हो गया था कि जमीन भुरभुरी हो रही है। विकास की तड़प और बदलाव की छटपटाहट भी एक बड़े वर्ग में है। प्रबुद्ध वर्ग के अंदर तृणमूल सरकार की कई नीतियों को लेकर बेचैनी है। संदेशखाली से लेकर आरजी कर मेडिकल कालेज में महिलाओं के साथ हुई निर्ममता ने महिला सुरक्षा और संवेदनशीलता को झकझोर दिया है। विपक्षी दल इसे फिर से याद दिला रहे हैं। ममता सरकार इससे अनभिज्ञ नहीं होगी, लेकिन पता नहीं कि वे भद्रलोक की आशंकाओं को निर्मूल करने के लिए क्या कर रही हैं?

माना जा रहा है कि इस बार का बंगाल चुनाव मुख्यतः कोलकाता प्रेसीडेंसी या ग्रेटर कोलकाता में ही लड़ा जाएगा, जहां पिछली बार भाजपा फिसड्डी रह गई थी। हावड़ा, हुगली, दक्षिण और उत्तर 24 परगना तथा नादिया में लगभग सवा सौ सीटें हैं। पिछली बार भाजपा के बड़े नेताओं ने इस क्षेत्र में चुनाव प्रचार ही नहीं किया था। कोविड के कारण आखिरी के तीन चरणों में प्रधानमंत्री मोदी ने निर्णय लिया था कि चुनाव प्रचार नहीं किया जाएगा। इसे विपक्षी दल भी खारिज नहीं करते कि आखिरी दिनों में होने वाले प्रचार में मोदी कुछ बदलाव तो ला ही देते हैं।

बंगाल में आठ चरणों के मुकाबले होने वाले दो चरणों के चुनाव भी अहम हो सकते हैं। इस बार चुनाव एक सप्ताह के अंदर ही खत्म होगा। इससे उपद्रवियों की गतिविधियां भी बहुत सीमित होने की उम्मीद है। इस सबके बावजूद फिलहाल ममता को खारिज नहीं किया जा रहा है, क्योंकि अपने लंबे राजनीतिक संघर्ष में उन्होंने यह साबित किया है कि वह एक फाइटर हैं और एक बड़ी हद तक बंगाल के मूड का प्रतिनिधित्व करती हैं। उनकी जीत विपक्षी दलों में उन्हें सबसे बड़े नेता के रूप में स्थापित कर देगी, पर यदि वह हारती हैं तो भाजपा के लिए यह बिहार, दिल्ली और महाराष्ट्र से भी बड़ी जीत होगी। उसे विस्तार के लिए एक नई जमीन मिलेगी और इसका असर 2029 तक जाएगा, पर एक बड़ी चुनौती भी होगी, क्योंकि बंगाल की राजनीतिक संस्कृति बदलना बहुत आसान नहीं।

केरल में पिछली बार भी एंटी इनकंबेंसी थी, पर अंदरूनी लड़ाई में कांग्रेस नेतृत्व वाला यूडीएफ माकपा के अगुआई वाले एलडीएफ से दोबारा हार गया था। राष्ट्रीय पार्टी का दर्जा रखने वाली माकपा इस बार देश की राजनीति में गुम हो सकती है। वाम विचारधारा की इस सिकुड़न को सिर्फ एक राज्य की विधानसभा से जोड़कर देखना सही नहीं होगा। जानकार कांग्रेस के गिरते ग्राफ को भी इसी विचारधारा से जोड़कर देखते हैं। बंगाल में वाम दल ममता के हाथों हारे, त्रिपुरा में भाजपा के हाथों और अब केरल में कांग्रेस के हाथों साफ होने की कगार पर हैं। केरल में वाम मोर्चे के लिए और बड़ी परेशानी यह है कि वहां कमल खिलने लगा है।

त्रिवेंद्रम नगर निगम में वाम दलों के पांच दशक के शासन को भाजपा ने छीना है।

# भारतीयों से भयभीत अमेरिकी,

अपने ही देश भारत की निंदा करने वाले तीन प्रतिशत लोगों में बुद्धिजीवी तबका और विशेष तौर पर शिक्षा के क्षेत्र में काम करने वाले लोगों की संख्या ज्यादा प्रतीत होती है। इसका एक उदाहरण इस लेखिका को हाल की अमेरिका यात्रा के दौरान मिला। एक बड़े विश्वविद्यालय में भारत के बारे में एक संगोष्ठी थी। वहां जाना हुआ। बोलने वाले विश्वविद्यालय के वरिष्ठ भारतीय प्रोफेसर ही थे। लगभग दो घंटे के संबोधन और पीपीटी में उन्होंने जो चीजें दिखाईं, उनमें बारंबार यही कहा गया कि इस देश में यह बुराई है, वह बुराई है। यहां तो कुछ हुआ ही नहीं है। आर्थिक और शैक्षणिक रूप से पिछड़ा ही पिछड़ा है। महिलाओं के मामले में तो इसका रिकार्ड बहुत खराब है। जो आंकड़े उन्होंने प्रस्तुत किए, वे भी पता नहीं कहां से निकाल कर लाए थे। उनसे भारत की एक बहुत ही पिछड़े हुए देश की छवि बनती थी। निःसंदेह

हाल में प्यू रिसर्च से जुड़ी खबर में बताया गया कि अमेरिका में रहने वाले तमाम धार्मिक समूहों में हिंदू सबसे अधिक पढ़े-लिखे हैं। इसके बाद यहूदी समुदाय है। 70 प्रतिशत हिंदुओ ने स्नातक या उससे अधिक पढ़ाई की है। इसी क्रम में 65 प्रतिशत यहूदियों के पास स्नातक या उससे अधिक पढ़ाई की योग्यता है। इन दोनों समूहों की तुलना में अमेरिकियों में मात्र 35 प्रतिशत लोगों के पास इतनी शिक्षा है।

मुस्लिम, बौद्ध और ईसाई समूहों में दस में से चार के पास स्नातक तक की शिक्षा है। प्रोटेस्टेंट ईसाइयों के पास भी औसत से अधिक शिक्षा है, जबकि कैथोलिक समूहों की शिक्षा राष्ट्रीय औसत से कम है। प्यू रिसर्च से जुड़ी खबर यह भी बताती है कि अधिकांश भारतीय जो अमेरिका आए हैं, वे उच्च शिक्षा लेकर ही आए हैं।

एक अन्य खबर में बताया गया कि भारतीयों को भारत से बहुत कम शिकायत है। वे अपने देश के निंदा अभियानों में शामिल नहीं होते। सिर्फ तीन प्रतिशत भारतीय ही अपने देश के बारे में नकारात्मक राय रखते हैं। अमेरिका में अपने देश को नापसंद करने वाले लोगों की संख्या 20 प्रतिशत और ब्रिटेन में 29 प्रतिशत है। भारत, स्पेन, कनाडा, इंडोनेशिया आदि देशों के लोगों को इस पर भी गर्व है कि उनके देश में बहुत सी भाषाएं बोली जाती हैं। यह निष्कर्ष 25 देशों के 30 हजार लोगों से बातचीत करके निकाला गया।

अपने ही देश भारत की निंदा करने वाले तीन प्रतिशत लोगों में बुद्धिजीवी तबका और विशेष तौर पर शिक्षा के क्षेत्र में काम करने वाले लोगों की संख्या ज्यादा प्रतीत होती है। इसका एक उदाहरण इस लेखिका को हाल की अमेरिका यात्रा के दौरान मिला। एक बड़े विश्वविद्यालय में भारत के बारे में एक संगोष्ठी थी। वहां जाना हुआ। बोलने वाले विश्वविद्यालय के वरिष्ठ भारतीय प्रोफेसर ही थे।



लगभग दो घंटे के संबोधन और पीपीटी में उन्होंने जो चीजें दिखाईं, उनमें बारंबार यही कहा गया कि इस देश में यह बुराई है, वह बुराई है। यहां तो कुछ हुआ ही नहीं है। आर्थिक और शैक्षणिक रूप से पिछड़ा ही पिछड़ा है। महिलाओं के मामले में तो इसका रिकार्ड बहुत खराब है। जो आंकड़े उन्होंने प्रस्तुत किए, वे भी पता नहीं कहां से निकाल कर लाए थे। उनसे भारत की एक बहुत ही पिछड़े हुए देश की छवि बनती थी। निःसंदेह अपने देश की आबादी के लिए बहुत कुछ करना अभी बाकी है, लेकिन कुछ हुआ ही नहीं, यह बात तथ्यों से परे हैं।

संगोष्ठी के बाद यह लेखिका उन प्रोफेसर महोदय से मिलने गई। उनसे पूछा कि आखिर उन्होंने ऐसा क्यों मान लिया है कि भारत से कोई उम्मीद ही नहीं है और वह एक बेकार देश है। चूंकि वे परिचित थे, तो बाहर निकलते वक्त साथ आए। अपनी कार में बैठते हुए उन्होंने जो कहा, उसे सुनकर बहुत हैरानी हुई। वह बोले कि अगर हम ऐसा नहीं करेंगे, तो हमें कौन पूछेगा? यानी हमें कोई पूछे, हमारा करियर परवान चढ़े, हम प्रसिद्धि के शिखर पर पहुंचें, इसलिए हम कहेंगे कि भारत किसी लायक ही नहीं है। आखिर यह बेईमानी नहीं तो और क्या है?

कुछ दशक पहले एक परिचित लड़की एक बड़े अंतरराष्ट्रीय संगठन में काम करती थी। अक्सर बहुत से देशों में जाती थी। एक बार अमेरिका में एक सेमिनार में गई। वहां एक अमेरिकी लड़की ने उसे देखकर नफरत से कहा कि तुम यहां क्या कर रही हो। क्या आता है तुम्हें? एक तरफ तो प्यू रिसर्च कह रहा है कि भारतीय, जिनमें अधिकांश हिंदू हैं, सबसे ज्यादा पढ़े-लिखे हैं, तो दूसरी तरफ पिछले सालों में ट्रंप के दिए गए बयान उनके इस डर की पुष्टि भी करते हैं कि कहीं भारतीय उनकी रही-सही दुनिया को न उजाड़ दें। इसीलिए भारतीयों पर तरह-तरह के प्रतिबंध लगाए जा रहे हैं ताकि उन्हें किसी तरह से रोका जा सके। इसकी एक वजह यह भी है कि अमेरिका में वहां के नागरिकों की पढ़ने-लिखने और अपनी योग्यता बढ़ाने में कोई खास दिलचस्पी नहीं है।

# खतरे में ट्रंप की साख

अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने ईरान के बिजली और ऊर्जा ठिकानों को तबाह करने की धमकी देने के बाद पहले जिस तरह पांच दिन तक इन ठिकानों पर हमले टालने की घोषणा की और अब कहा कि कुछ और दिन की मोहलत दे रहे हैं, उससे यही लगता है कि वे समझौते के मूड में आ गए हैं। हालांकि रह-रहकर वे ईरान को धमकाते भी हैं, पर उन्होंने जिस तरह होर्मुज समुद्री मार्ग खोलने के लिए भी समयसीमा बढ़ा दी, उससे यही लगता है कि वे किसी तरह इस युद्ध से निकलना चाह रहे हैं। उनके ऐसे संकेतों के बाद भी यह कहना कठिन है कि अमेरिका-इजरायल और ईरान के बीच छिड़ा युद्ध थम जाएगा। इसका कारण यह है कि ईरान बिना इस भरोसे अपने



कदम पीछे खींचने के लिए तैयार नहीं कि उस पर फिर हमला नहीं किया जाएगा। जिस तरह ईरान अमेरिका की युद्ध विराम संबंधी शर्तें मानने के लिए तैयार नहीं हो सकता, वैसे ही अमेरिका और इजरायल के लिए भी उसकी शर्तें मानना संभव नहीं। वास्तव में इसी कारण युद्ध थमता नहीं दिख रहा है। जहां इजरायल ईरान को निशाना बनाने में लगा हुआ है, वहीं ईरान उस पर हमले करने के साथ ही अपने पड़ोसी देशों पर मिसाइलें दाग रहा है। यह स्वाभाविक ही है कि इससे इन देशों का धैर्य जवाब दे रहा है। ये देश इसलिए अधिक परेशान हैं कि ईरान उनके नागरिक और ऊर्जा ठिकानों को भी निशाना बना रहा है। यदि खाड़ी के देशों ने ईरान पर जवाबी हमले करने शुरू किए तो युद्ध एक नए मोड़ पर पहुंच जाएगा। निःसंदेह ऐसा न तो ट्रंप चाहेंगे और न ही विश्व के अन्य देश, क्योंकि ऊर्जा संकट कम होने का नाम नहीं ले रहा है। इसकी चपेट में भारत समेत अन्य एशियाई देश ही नहीं, यूरोप और अमेरिका भी आ गए हैं। इस ऊर्जा संकट के लिए प्रत्यक्ष रूप से तो ईरान जिम्मेदार है, जिसने होर्मुज जल मार्ग बाधित कर रखा है, पर परोक्ष जिम्मेदार अमेरिका ही है, जिसने बिना कुछ सोचे-समझे इजरायल के साथ मिलकर ईरान पर हमला बोल दिया। ईरान ने अपनी जवाबी कार्रवाई से न केवल अमेरिका-इजरायल को तंग किया है, बल्कि पड़ोसी देशों को भी। यदि ईरान और अधिक समय तक जवाबी कार्रवाई करने में समर्थ बना रहता है तो अमेरिकी राष्ट्रपति को अपना रुख और नरम करने के लिए बाध्य होना पड़ सकता है। इस स्थिति में उनका प्रभाव कम ही होगा-न केवल अमेरिका में, बल्कि अंतरराष्ट्रीय मंचों पर भी। ध्यान रहे कि विश्वव्यापी ऊर्जा संकट के लिए वही जिम्मेदार माने जा रहे हैं



## साउथ सुपरस्टार धनुष के ड्रीम प्रोजेक्ट में विक्की कौशल की एंट्री

साउथ सिनेमा के दिग्गज निर्देशक एस. शंकर के ड्रीम प्रोजेक्ट 'वेलपरी' को लेकर नया अपडेट सामने आया है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, इस मेगा बजट फिल्म में अब रणवीर सिंह की जगह विक्की कौशल नजर आ सकते हैं। फिल्म में साउथ सुपरस्टार धनुष पहले से ही अहम भूमिका में बताए जा रहे हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, 'वेलपरी' में दूसरे लीड रोल के लिए पहले रणवीर सिंह का नाम चर्चा में था। हालांकि अब वलाई पेचु की एक रिपोर्ट के अनुसार मेकर्स इस किरदार के लिए विक्की कौशल से बातचीत कर रहे हैं और उन्हें कास्ट करने की योजना बना रहे हैं। हालांकि फिल्म की स्टारकास्ट को लेकर अभी तक आधिकारिक घोषणा नहीं की गई है।
बताया जा रहा है कि फिल्म की कहानी प्रसिद्ध तमिल उपन्यास 'वीर युग नायकन वेल परी' पर आधारित है, जिसे लेखक सु. वेंकटेशन ने लिखा है। यह कहानी प्राचीन तमिलनाडु के प्रसिद्ध और उदार शासक वेलपरी के जीवन पर आधारित मानी जाती है। फिल्म को बड़े स्तर पर ऐतिहासिक ड्रामा के रूप में बनाने की तैयारी है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, निर्देशक शंकर इस प्रोजेक्ट को लंबे समय से बनाना चाहते थे और इसे अपना ड्रीम प्रोजेक्ट मानते हैं। खबर यह भी है कि फिल्म के लिए धनुष से लंबी डेट्स मांगी गई हैं क्योंकि इसे बड़े पैमाने पर शूट करने की योजना है। अगर सब कुछ तय योजना के अनुसार होता है, तो दर्शकों को पहली बार बड़े पर्दे पर धनुष और विक्की कौशल की नई जोड़ी देखने को मिल सकती है। वहीं रणवीर सिंह का नाम फिलहाल इस प्रोजेक्ट से बाहर बताया जा रहा है। वर्कफ्रंट की बात करें तो धनुष आने वाले समय में कई बड़े प्रोजेक्ट्स में नजर आने वाले हैं। वहीं विक्की कौशल भी कई फिल्मों में व्यस्त हैं और उनकी परफॉर्मेंस को लेकर इंडस्ट्री में काफी चर्चा रहती है। फिलहाल 'वेलपरी' को लेकर मेकर्स की ओर से आधिकारिक घोषणा का इंतजार किया जा रहा है। अगर विक्की कौशल इस फिल्म में शामिल होते हैं तो यह बॉलीवुड और साउथ सिनेमा के बीच एक और बड़ी कोलैबोरेशन मानी जाएगी।



# पेद्दी के डांस नंबर में नजर आएंगी मृणाल ठाकुर

राम चरण और जान्हवी कपूर अपनी आगामी फिल्म 'पेद्दी' को लेकर सुर्खियों में हैं। बुची बाबू सना द्वारा निर्देशित इस स्पोर्ट्स एक्शन ड्रामा में एक खास डांस नंबर होगा। जिसमें यह अभिनेत्री जान्हवी और राम के साथ कैमियो भूमिका में नजर आएंगी।

### 'पेद्दी' में होगा डांस नंबर


राम चरण और जान्हवी कपूर अपनी नई फिल्म 'पेद्दी' को लेकर काफी चर्चा में हैं। इस फिल्म में एक खास डांस गाना होगा। गुल्टे की रिपोर्ट के मुताबिक, 'सीता रामम' फेम मृणाल ठाकुर राम चरण और जान्हवी कपूर के साथ एक स्पेशल डांस नंबर में दिख सकती हैं। हालांकि, फिल्म मेकर्स ने इसकी कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं की है।

### 'पेद्दी' की स्टार कास्ट

'पेद्दी' एक स्पोर्ट्स एक्शन ड्रामा फिल्म है। इसकी कहानी गांव में होने वाले क्रिकेट टूर्नामेंट के इर्द-गिर्द घूमती है। राम चरण हीरो हैं, जबकि जान्हवी कपूर उनके साथ मुख्य भूमिका में हैं। इस फिल्म में शिव राजकुमार, दिव्येंदु शर्मा, जगपति बाबू, बोमन ईरानी जैसे कलाकार भी हैं। इसके निर्देशक बुची बाबू सना हैं। 'पेद्दी' का म्यूजिक एआर रहमान ने दिया है।

### कब रिलीज होगी 'पेद्दी'

हाल ही में 'पेद्दी' का 'राय राय रा रा' नाम का दूसरा सिंगल रिलीज हुआ, जिसमें राम चरण के शानदार डांस मूव्स हैं। एआर रहमान ने इसे तेलुगु और तमिल दोनों में गाया है। 'पेद्दी' का एक्शन टीजर जल्द आने वाला है। हो सकता है कि 27 मार्च 2026 को राम चरण के जन्मदिन पर इसका खास टीजर रिलीज हो। फिल्म 'पेद्दी' 30 अप्रैल 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।






## क्या 8 साल बाद अल्लू अर्जुन संग वापसी करेंगी अनुष्का शर्मा

साउथ स्टार अल्लू अर्जुन अपनी आगामी फिल्म पर काम कर रहे हैं। इस फिल्म का निर्देशन 'जवान' फिल्म के डायरेक्टर एटली कर रहे हैं। खबरों के मुताबिक, फिल्म में कई बड़े स्टार्स हैं, जिनमें दीपिका पादुकोण लीड रोल में हैं। अब नई खबरों के अनुसार, अनुष्का शर्मा भी इस साइंस फिक्शन फिल्म में नजर आएंगी। एक रिपोर्ट के अनुसार, बॉलीवुड की एक और बड़ी स्टार इस प्रोजेक्ट से जुड़ने वाली हैं। बताया जा रहा है कि वे फिल्म में शामिल होने के लिए बातचीत कर रही हैं और अगर यह सच साबित होता है, तो यह उनकी पहली तेलुगू फिल्म होगी। हालांकि, अभी तक इसकी कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है।

### अनुष्का शर्मा की आखिरी फिल्म

अनुष्का शर्मा आखिरी बार 2018 में शाहरुख खान और कटरीना कैफ के साथ आई फिल्म 'जीरो' में नजर आई थीं। तब से वो किसी लीड रोल में नजर नहीं आई हैं। यह बताना जरूरी है कि निर्माता के तौर पर काम करने के बाद से अनुष्का किसी भी एक्टिंग प्रोजेक्ट को लेकर चर्चा में नहीं हैं। वह 2022 में पूर्व भारतीय महिला क्रिकेटर झूलन गोस्वामी की बायोपिक फिल्म 'चकदा एक्सप्रेस' में काम करने वाली थीं।

### अनुष्का की फिल्म टलने की आशंका

हालांकि, इसके टलने की आशंका है और यहां तक कि इसके बंद होने की भी अफवाहें हैं। अनुष्का शर्मा और उनके पति विराट कोहली फिलहाल अपने बेटे और बेटी के साथ लंदन में रहते हैं।

### अल्लू अर्जुन के साथ ये एक्ट्रेसेस भी

फिल्म की बात करें तो, खबरों के मुताबिक इस फिल्म में मृणाल ठाकुर, जाह्नवी कपूर और रश्मिका मंदाना समेत कई फीमेल एक्टर्स नजर आ रही हैं। ऐसी भी चर्चा है कि रश्मिका मंदाना फिल्म में निगेटिव रोल कर सकती हैं। अल्लू अर्जुन भी फिल्म में कई किरदारों में नजर आएंगे।

### अल्लू अर्जुन की अगली फिल्म



फिल्म का संगीत साई अभ्यंकर द्वारा तैयार किया जाएगा। वहीं, एटली के साथ काम करने के बाद, अल्लू अर्जुन लोकेश कनगराज के साथ काम करेंगे, जिसमें मशहूर संगीतकार अनिरुद्ध संगीत देंगे। फिल्म की शूटिंग 2026 में शुरू होने वाली है।

## करण जौहर की टैलेंट एजेंसी से अलग हुई जान्हवी कपूर



करण जौहर प्रोड्यूस कई फिल्मों में जान्हवी कपूर ने अभिनय किया है। लगता है कि अब वह अलग रास्ते पर चलना चाहती हैं कि यही वजह है कि हाल ही में वह करण जौहर की टैलेंट एजेंसी से अलग हो गई। हाल ही में बातचीत में करण जौहर कहते हैं, 'कुछ टैलेंट ऐसे होंगे जो हमारे पास आएंगे और चले जाएंगे। तीन बड़ी एजेंसियों के बीच हमेशा पासिंग द पार्सल जैसा खेल चलता रहता है।' करण जौहर ने यह भी बताया कि उनकी टैलेंट एजेंसी सबसे ज्यादा बिजनेस करती है।

### क्या आगे जान्हवी कपूर के साथ काम करेंगे?

करण जौहर बातचीत में आगे कहते हैं, 'जिस किसी ने भी हमारी एजेंसी छोड़ी है, मैं हमेशा उनके लिए अच्छा ही चाहूंगा, उनके साथ काम भी करूंगा। कई बार ऐसा हुआ है कि उन्होंने हमारी एजेंसी छोड़ दी है, लेकिन मैं फिर भी उनके साथ काम करता रहता हूं।' इस जवाब से करण जौहर ने जता दिया कि वह आगे भी जान्हवी कपूर के साथ काम कर सकते हैं।

### जान्हवी कपूर की आने वाली फिल्में कौन सी हैं?

करण जौहर की एजेंसी से अलग होने के बाद भी जान्हवी कपूर के पास बड़ी फिल्में हैं। वह जल्द ही साउथ एक्टर रामचरण के साथ फिल्म 'पेद्दी' में नजर आएंगी। पिछले साल वह फिल्म 'परम सुंदरी' और 'सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी' में नजर आई थीं।



## 'सुंदर पूनम' की पहली झलक आई सामने, रहस्यमयी किरदार में दिखीं सान्या मल्होत्रा



फिल्म 'सुंदर पूनम' के फर्स्ट लुक में सान्या मल्होत्रा दुल्हन के जोड़े में नजर आईं। फर्स्ट लुक देखकर लगता है कि वह कोई आम दुल्हन नहीं है, उनके किरदार में कई परतें हैं। फर्स्ट लुक से लगता है कि फिल्म 'सुंदर पूनम' अपने स्टोरी से दर्शकों को चौंका देगी, इसमें थ्रिलर, सस्पेंस की डोज मिलेगी। 'सुंदर पूनम' के फर्स्ट लुक में सान्या मल्होत्रा दुल्हन बन है, उसका फोन लगातार बज रहा है। जिसमें सुंदर और राजू नाम के नंबर से फोन आ रहा है। आखिर में दुल्हन मुस्कुराती है। पीछे से एक खबर सुनाई देती है कि एक शादी-शुदा जोड़ा कश्मीर में गायब हो गया।

### जुनूनी प्यार और उलझा देने वाली कहानी दिखेगी

इस फिल्म में एक नया शादी-शुदा जोड़ा कश्मीर हनीमून पर जाता है। हनीमून के दौरान यह जोड़ा अचानक लापता हो जाता है। इसके साथ ही दुल्हन पूनम से जुड़ा एक रोंगटे खड़े कर देने वाला सच सामने आता है। इसमें उसकी जुनून भरी प्रेम कहानी है और उलझा हुआ अतीत है, जो दर्शकों को चौंकाने के लिए काफी है।

# फिल्म सेट पर सपने की तरह बीते 25 साल



**साउथ में शिवाजी द बॉस, छत्रपति और पोक्किरी राजा जैसी सुपरहिट फिल्में हों या हिंदी की हिट दृश्यम फ्रेंचाइजी, ऐक्ट्रेस श्रिया सरन पिछले ढाई दशक से अपने दर्शकों के दिलों पर राज कर रही हैं। इन दिनों वह अपनी वेब सीरीज स्पेस जेनः चंद्रयान को लेकर चर्चा में हैं।**

**आपको ऐक्टिंग की दुनिया में 25 साल हो गए। पीछे मुड़कर देखती हैं तो क्या अहसास होता है?**

यह सब एक सपने जैसा है। जब मैं इंडस्ट्री में आई थी तो लगा था कि ये एक फिल्म करूंगी और फिर वापस कॉलेज चली जाऊंगी, लेकिन एक फिल्म के बाद दूसरी, फिर तीसरी होती गई। मैं खुद को बहुत खुशनसीब मानती हूं कि मुझे ये मौका मिला क्योंकि जब मैंने काम शुरू किया था, तब इंटरनेट वगैरह नहीं था तो स्पॉट होना और काम मिलना इतना आसान नहीं था। उस पर जब मैंने काम शुरू किया था तो ऐक्टिंग के बारे में कुछ नहीं जानती थी। मैंने कहीं ऐक्टिंग नहीं सीखी थी, फिर भी इतने सारे डायरेक्टर्स ने मुझ पर विश्वास किया।

**आपकी सीरीज में जब चंद्रयान 2 फेल होता है, तो वैज्ञानिकों के मन में खुद की प्रतिभा पर सवाल भी उठते हैं, कभी आप अपने करियर में सेल्फ डाउट के इस दौर से गुजरी हैं?**

बहुत बार। कई बार ऐसा हुआ है कि मैं अपनी चॉइस पर सवाल कर रही होती हूं कि मैंने गलत किया, ये फिल्म नहीं करनी चाहिए थी, पर फिल्म हिट हो गई। ऐसा बहुत बार हुआ है। वहीं, कभी किसी फिल्म के लिए बहुत ज्यादा मेहनत की और वो फिल्म नहीं चली, तब खुद की चॉइस पर शक होता है। आप वजहें ढूंढते हैं, पर समझ नहीं आता कि इतनी मेहनत की, फिर क्यों नहीं चली। आप उस किरदार के इतने प्यार में होते हैं कि लगता है कि उसके साथ गलत हुआ। मेरे साथ तो सेल्फ डाउट वाली स्थिति बहुत हुई है, लेकिन आप उससे लड़ते हैं, जीतते हैं और आपको अहसास होता है कि उससे आगे ऐसी बहुत सी चीजें हैं जिसके लिए आपको शुक्रगुजार होना चाहिए। जो मौके आपको मिले, उसे लेकर आगे बढ़ना चाहिए।

**अपने लंबे करियर में आपने रजनीकांत, नागार्जुन, अजय देवगन जैसे दिग्गजों के साथ काम किया है। उनकी कोई ऐसी सलाह है, जो बहुत पते की लगी?**

बिल्कुल, जब मैं रजनीकांत सर के साथ शिवाजी द बॉस कर रही थी तो वो मेरे लिए बहुत बड़ा मौका था। शंकर (डायरेक्टर) सर, रजनीकांत सर, एआर रहमान सर, सबके साथ काम करना बहुत बड़ी बात थी। हम गाना शूट कर रहे थे, मैंने सही स्टेप किया तो राजू सुंदरम, जो बेहतरीन कोरियोग्राफर हैं, उन्होंने बहुत ही कमाल की बात कही कि तुम ये फिल्म कर रही हो, ये फिल्म बड़ी हिट होगी।

**आप ऐक्टिंग के डिमांडिंग प्रफेशन और 5 साल की बेटी राधा की मां की भूमिका के बीच तालमेल कैसे बैठाती हैं?**

हम माएं अपने बच्चे के लिए सारी व्यस्तताओं के बावजूद वक्त निकाल ही लेती हैं। मैं शूट से दो का भी ब्रेक मिलता तो वक्त चुराकर राधा से मिल आती थी। बीच-बीच में फेसटाइम कर लेती हूं। यह समाज की सोच है कि औरतों से ही ऐसे सवाल होते हैं। हमेशा वर्किंग माओं से ही पूछा जाता है कि जब आप काम कर रही हैं तो बच्चे की देखभाल कौन करता है? आप काम पर कैसे आए हैं? घर पर कौन है? और अगर आप ये बोलें कि आज मैं आठ घंटे काम करना चाहती हूं, नौवें घंटे घर जाना चाहती हूं तो तो नौवें घंटे पर भी लोगों को दिक्कत होती है, तो आपको इन सब चीजों से डील करना पड़ता है, पर ठीक है यार। हमें इन चीजों को हल्के में लेना पड़ता है और मां होने को इंजॉय करना होता है। एक मां होने का अहसास अनमोल है। एक वर्किंग मां होना भी इंजॉय करना होता है।

शेखावाटी जयपुर टाइम्स

जयपुर, रविवार
29 मार्च, 2026

## जिलाध्यक्ष हर्षिनी कुलहरि का जन्मोत्सव मनाया



जयपुर टाइम्स

**मण्डावा(निस)।** मण्डावा कस्बे से चैन्नई प्रवासी उद्योगपति व भामाशाह रमेश चन्द्र गाडोदिया, पूर्व चेयरमैन राधेश्याम सैनी, विद्याद्यर सैनी, संजय मील, धर्मपाल आर्य, इब्राहिम रंगरेज, जगदीश महरिया, शिवचरण गाडोदिया , सीताराम सैनी, दीपक खाण्डल, विमल सैनी, प्यारेलाल फण्डोलिया, संजय घुघरवाल, नेमीचन्द सैनी, गोविन्द जोशी, सत्यनारायण शर्मा, मण्डल अध्यक्ष मोहनलाल सैनी, प्रवीण नायक, राजकुमार निर्वाण, पूर्व पार्षद कैलाश पीपलवा, संदीप शर्मा, संदीप परिहार, संजय परिहार सहित अनेक भाजपाईयों ने भाजपा जिलाध्यक्ष हर्षिनी कुलहरि को जन्मदिवस की शुभकामनाए दी है।

## रामनवमी पर बड़ागांव में गूंजे जय श्रीराम के जयकारे, भव्य शोभायात्रा निकली



जयपुर टाइम्स

**बड़ागांव/झुंझुनूं(निस)।।** रामनवमी के पावन अवसर पर कस्बे में शुक्रवार शाम श्रद्धा और उत्साह का अद्भुत माहौल देखने को मिला। श्रीराम मंदिर से शाम 5 बजे भव्य शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। यात्रा में आकर्षक झांकियां, बैंड-बाजे और डीजे की धुनों पर थिरकते युवाओं ने माहौल को भक्तिमय बना दिया। श्रद्धालु हाथों में भगवा ध्वज लेकर 'जय श्रीराम' के जयकारे लगाते हुए चल रहे थे, वहीं महिलाएं पारंपरिक वेशभूषा में शामिल हुईं। मुख्य बाजार सहित विभिन्न स्थानों पर पुष्पवर्षा कर शोभायात्रा का स्वागत किया गया तथा शरबत-पानी की व्यवस्था भी की गई। पूरे कस्बे को भगवा ध्वज, रंगोलियों और आकर्षक स्वागत द्वारों से सजाया गया, जिससे हर गली-मोहल्ला उत्सवमय नजर आया। इससे पूर्व श्रीराम मंदिर में विशेष पूजा-अर्चना की गई। शोभायात्रा मुख्य मार्गों से होते हुए दुर्गा मंदिर पहुंची, जहां महाआरती के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। आयोजन के दौरान सुरक्षा के भी पुख्ता इंतजाम रहे।

## टीबी मुक्त भारत अभियान में चूरू जिला 5 केटेगरी में राज्य स्तर पर सम्मानित




जयपुर टाइम्स

**चूरू(निस)।** टीबी मुक्त भारत अभियान को लेकर शुक्रवार को जयपुर में राज्य स्तरीय समारोह का आयोजन किया गया। गौरतलब है कि चूरू जिला 6 में से 5 केटेगरी में सम्मानित किया गया, जिसमें से 3 केटेगरी में राज्य स्तर पर प्रथम, एक केटेगरी में तीसरे व एक में पांचवें स्थान पर रहा। राज्य-स्तरीय समारोह में जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ. वेद प्रकाश को सम्मानित किया गया। बता दें कि चूरू जिला टीपीटी, डिफरेंस टीबी केयर व एक्स-रे में प्रथम, टीबी मुक्त ग्राम पंचायत अभियान में तृतीय व निक्षय पोषण योजना में 5 वें स्थान पर रहा।

## सांसद बेनीवाल सहित जनप्रतिनिधियों ने दी भूराराम डूडी को श्रद्धांजलि



जयपुर टाइम्स

**मकराना(निस)।** भूराराम डूडी की तीसरी पुण्यतिथि के अवसर पर आयोजित श्रद्धांजलि सभा में क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों, समाजसेवियों व नागरिकों की उल्लेखनीय उपस्थिति रही। इस दौरान नागौर सांसद हनुमान बेनीवाल ने कार्यक्रम में पहुंचकर डूडी की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम में मकराना विधायक ज़ाकिर हुसैन गेसावत व पूर्व विधायक रूपा राम मुरावतिया सहित सैकड़ों नागरिक, समाजसेवी और समर्थक उपस्थित रहे। श्रद्धांजलि सभा को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने भूराराम डूडी के सामाजिक सरोकारों, जनहित कार्यों एवं क्षेत्र के विकास में उनके योगदान को याद किया। उन्होंने कहा कि उनका जीवन सादगी, संघर्ष और सेवा भावना का प्रतीक रहा, जिससे युवाओं को प्रेरणा लेनी चाहिए। कार्यक्रम के दौरान दिवंगत आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। अंत में उपस्थित जनसमूह ने स्व. डूडी के आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया।

### केवीके आबूसर में 15 दिवसीय प्रशिक्षण संपन्न

# उर्वरक विक्रेताओं को दिए गए प्रमाण पत्र, विशेषज्ञों ने दी वैज्ञानिक जानकारी

जयपुर टाइम्स

**आबूसर(झुंझुनूं)।** आबूसर स्थित कृषि विज्ञान केंद्र में खुदरा उर्वरक विक्रेताओं के लिए आयोजित 15 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुक्रवार को समापन हुआ। समापन समारोह के मुख्य अतिथि जिला जनसंपर्क अधिकारी हिमांशु सिंह रहे। उन्होंने प्रशिक्षणार्थियों को कृषक हित में कार्य करने के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि संतुलित पोषक तत्व प्रबंधन से न केवल उत्पादन बढ़ाया जा सकता है, बल्कि लागत में भी कमी लाई जा सकती है। उन्होंने उर्वरकों के वैज्ञानिक व संतुलित उपयोग को समय की आवश्यकता बताया। केवीके के वरिष्ठ वैज्ञानिक व अध्यक्ष डॉ. दयानंद ने बताया कि भारत सरकार की मंशा के अनुरूप कृषि आदान विक्रेताओं को तकनीकी रूप से दक्ष बनाना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि उर्वरक



विक्रेताओं को उत्पादों की सही जानकारी होने से वे किसानों को बेहतर मार्गदर्शन दे सकते हैं, जिससे उत्पादन में वृद्धि और लागत में कमी संभव है। मिट्टी परीक्षण और फसल पोषण पर दिया प्रशिक्षण 13 मार्च से प्रारंभ हुए इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में विषय विशेषज्ञों की ओर से प्रतिभागियों को उर्वरकों के संतुलित उपयोग, मिट्टी परीक्षण, फसल पोषण तथा संबंधित सरकारी नियमों की विस्तृत जानकारी दी गई। डॉ. दयानंद ने बताया कि यह केवीके का 15वां बैच है, जबकि इससे पूर्व 14 बैच सफलतापूर्वक पूर्ण किए जा चुके हैं। इन प्रशिक्षणों में जिले के युवाओं, बेरोजगारों, उद्यमियों और सहकारी समितियों के कार्मिकों को प्रशिक्षित किया गया है।

### युवाओं के लिए स्वरोजगार के खुले नए रास्तेः

प्रशिक्षण पूर्ण करने के बाद प्रतिभागी अब उर्वरक लाइसेंस के लिए आवेदन करने के पात्र हो गए हैं, जिससे उन्हें स्वरोजगार के अवसर प्राप्त होंगे और जिले के किसानों को प्रशिक्षित व जागरूक विक्रेता उपलब्ध हो सकेंगे। कार्यक्रम का संचालन कीट विशेषज्ञ राजेंद्र नागर ने किया। इस अवसर पर केंद्र के देवी सिंह सैनी, रमन मीणा, देवीलाल सहित अन्य उपस्थित रहे।

## भाजपा जिलाध्यक्ष कुलहरि को बधाई देने वालों का लगा तांता



जयपुर टाइम्स

**मण्डावा(निस)।** भाजपा झुन्झुनू जिलाध्यक्ष हर्षिनी कुल्हरी के जन्मदिवस के मौके पर शनिवार को जिला मुख्यालय स्थित भाजपा कार्यालय में मण्डावा विधानसभा से अनेक भाजपा पदाधिकारी व कार्यकर्ताओ ने गुलदस्ता भेंट कर मिठाइयां बांटकर खुशी का इजहार किया है। इस दौरान भाजपा जिला उपाध्यक्ष महावीर ढाका, पंचायत समिति सदस्य राहुल कुमास, राजकुमार झटावा, अनिल नैण, जितेन्द्र लाम्बा, बजरंगलाल पुनिया, संजीव महला, संजय मील, मंडल अध्यक्ष मोहनलाल सैनी, अजय रागेरा, मुकेश दुत, पूर्व सरपंच सुरेश सिहाग, लादुसर सरपंच बलवीर सिंह, पूर्व सरपंच सुरेश, बीरबल भाम्बु, पूर्व चैयरमेन राधेश्याम सैनी, धर्मपाल आर्य, शिवचरण गाड़ोदिया, सुरैश सैन दुराना, प्यारे लाल टोडरवास, विद्याधर सैनी, इब्राहीम पार्षद मण्डावा, मनोज कालेर पस सदस्य, पूर्व प स सदस्य सुरेन्द्र पुनिया तेतरा, राकेश रणवा, राजीव ढाका, शीशपाल दुलड,, रवीन्द्र सिंह तौलियासर, हबीब खान शेखसर, अनशार खान शेखसर, अंकित डुडी शेखसर, विक्रम महला सोनासर, विजय लोयल पूर्व सरपंच सिरियासर, सिताराम सैनी, राजकुमार निर्वाण पुर्व पार्षद मण्डावा, जगदीश महरीया, गोविंद जोशी, सत्यनारायण शर्मा, संजय घुघरवाल, प्रवीण नायक,विमल सैनी सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित रहें। इसी तरह ग्राम पंचायत तेतरा के लोगों ने शनिवार को भाजपा जिलाध्यक्ष हर्षिनी कुलहरी को भाजपा जिला मुख्यालय स्थित भाजपा कार्यालय जाकर जिलाध्यक्ष हर्षनी कुल्हरी को महावीर ढाका, राजीव ढाका, नरेश ढाका, सुरेन्द्र पुनिया, बजरंग पुनिया, रामनिवास ढाका, राकेश रणवा, ओमप्रकाश पुनिया, विकास कुमार आदि लोगों ने बधाई दी।

## जीवन में शिक्षा के साथ व्यक्तित्व विकास भी आवश्यकः दूकिया





जयपुर टाइम्स

**मण्डावा(निस)।** रामगढ मार्ग स्थित सरस्वती विद्या मन्दिर उमावि, मण्डावा के तत्वावधान में शनिवार को तरंगिनी 2026 एवं पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान विभिन्न शैक्षिक, सह शैक्षिक गतिविधियों के विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि भाजपा नेता प्यारेलाल दूकिया ने कहा कि विद्यार्थियों को शैक्षणिक गतिविधियों के साथ-साथ सह-पाठ्यक्रम गतिविधियों में अधिकाधिक भाग लेना चाहिए। शिक्षा के साथ व्यक्तित्व विकास भी जरूरी है। ऐसे आयोजनों के माध्यम से जीवन में अनुशासन, सहयोग, टीम वर्क और राष्ट्र के प्रति जिम्मेदारी बढ़ती है। विद्यार्थियों को तकनीकी क्षेत्र में बदलाव और नवाचार का लाभ उठाना चाहिए। दूकिया ने कहा कि विद्यार्थियों को अपने लक्ष्य के प्रति समर्पित रहना चाहिए। युवा शक्ति देश का भविष्य है। ऐसे आयोजन उनके आत्मविश्वास व रचनात्मकता को नई दिशा देते हैं। समारोह में नानीबाई जैपुरिया राबाउमावि, मण्डावा प्रधानाचार्या उर्मिला पूनिया, संजय तेतरवाल, रामरतन कड़वासरा, संदीप शर्मा, महेश सिंह तिहावली, नरेन्द्र दूकिया, श्रवण कुमार जाखड़, रामस्वरूप चौपदार, बाबूलाल यादव आदि मंचासीन अतिथियों ने भी अपने विचार व्यक्त किए। स्कूल निदेशक सुभाष कड़वासरा, प्रधानाचार्या मंजू कंवर शेखावत, सुरेन्द्र बलारा, आशीष कुमार आदि ने मेहमानों का माला पहना कर स्वागत किया। इस मौके पर अतिथियों ने प्रतिभावन विद्यार्थियों को सम्मानित किया और विद्यार्थियों ने अनेक रोचक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। प्रधानाचार्या मंजू कंवर ने स्कूल की विभिन्न गतिविधियों की जानकारी दी। मंच का संचालन पिंकी सैनी व प्यारेलाल महला ने किया। अन्त में सुभाष कड़वासरा ने सभी का आभार जताया

## मकराना उप जिला अस्पताल में दवा वितरण पर सवाल, फार्मासिस्ट की जगह हेल्पर दे रहे दवाइयां

जयपुर टाइम्स

**मकराना(निस)।** शहर के उप जिला चिकित्सालय में दवा वितरण व्यवस्था को लेकर गंभीर सवाल उठ रहे हैं। जानकारी के अनुसार अस्पताल में फार्मासिस्ट पदस्थापित होने के बावजूद दवा काउंटर पर हेल्पर की ओर से मरीजों को दवाइयां वितरित की जा रही हैं, जिससे मरीजों में असंतोष देखा जा रहा है। अस्पताल में प्रतिदिन बड़ी संख्या में शहरी व ग्रामीण क्षेत्र के मरीज उपचार के लिए पहुंचते हैं। चिकित्सक से परामर्श के बाद मरीज निशुल्क दवा काउंटर पर जाते हैं, लेकिन वहां प्रशिक्षित फार्मासिस्ट के बजाय हेल्पर द्वारा दवा वितरण किए जाने की शिकायत सामने आई है। स्वास्थ्य विभाग के नियमों के अनुसार दवा वितरण का कार्य केवल प्रशिक्षित और पंजीकृत फार्मासिस्ट द्वारा ही किया जाना चाहिए, ताकि मरीजों को दवा की सही खुराक, सेवन विधि और संभावित दुष्प्रभावों की जानकारी मिल सके। ऐसे में हेल्पर से दवा वितरण कराना नियमों के विपरीत माना जा रहा है। मरीजों का कहना है कि कई बार उन्हें दवाओं के बारे में पूरी जानकारी नहीं मिल पाती, जिससे भ्रम की स्थिति बनती है। वहीं जानकारों का मानना है कि इस तरह की व्यवस्था से दवा वितरण की गुणवत्ता और पारदर्शिता प्रभावित हो सकती है। मामले को लेकर अस्पताल प्रशासन से संपर्क करने पर स्पष्ट जवाब नहीं



मिल पाया। नागरिकों ने दवा वितरण केंद्र पर नियमित रूप से फार्मासिस्ट की उपस्थिति सुनिश्चित करने की मांग की है, ताकि मरीजों को सुरक्षित और व्यवस्थित स्वास्थ्य सेवाएं मिल सकें।

## *नूवां स्कूल को मिला कंप्यूटर का उपहार, 72 हजार की लागत से भामाशाह ने किया सहयोग*

जयपुर टाइम्स

**रतनगढ़(निस)।** तहसील क्षेत्र के गांव नूवां स्थित राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में कंप्यूटर की समस्या को दूर करने के लिए भामाशाह ने सराहनीय पहल करते हुए शनिवार को कंप्यूटर सेट भेंट किया। साध्वी हेमलता बाई की प्रेरणा से उनकी माताजी की पुण्यतिथि पर भाई बाबूलाल प्रजापत ने करीब 72 हजार रुपए की लागत से कंप्यूटर स्कूल प्रशासन को सुपुर्द किया। विद्यालय के शारीरिक शिक्षक अशोक आलड़िया ने बताया कि स्कूल में कंप्यूटर की कमी को लेकर साध्वी हेमलता बाई के समक्ष समस्या रखी गई थी, जिस पर उन्होंने सहयोग का आश्वासन दिया था। उसी के तहत यह सहयोग प्रदान किया गया। इस अवसर पर बाबूलाल प्रजापत ने कहा कि भविष्य में भी विद्यालय को जब भी




आवश्यकता होगी, वे हर संभव सहयोग करेंगे। विद्यालय की प्रधानाचार्या पद्मश्री शर्मा ने भामाशाह का आभार जताते हुए इसे विद्यार्थियों के लिए उपयोगी बताया। कार्यक्रम के दौरान बलवीरसिंह थोरी, निलेश इंदौरिया, दिनेश चोटिया, मीना, रामगोपाल प्रजापत, देवकरण, सुनील सैनी सहित अनेक लोग उपस्थित रहे।

## मेलूसर बीकान में कैरियर परामर्श वार्ता का आयोजन

जयपुर टाइम्स

**सरदारशहर(निस)।** तहसील के गांव मेलूसर बीकान के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास और उन्हें सही दिशा प्रदान करने के उद्देश्य से विशेष कैरियर परामर्श वार्ता का आयोजन किया गया। कक्षा 9 से 12 तक के विद्यार्थियों ने उत्साहित होकर भाग लिया एवं वार्ताकार से प्रश्न पूछकर अपनी जिज्ञासा शांत की। कैरियर काउंसलर राजेंद्र पिंडार ने बच्चों को भविष्य की चुनौतियां व अवसरों से रूबरू करवाया। रुचि और मेहनत ही सफलता की कुंजी है। उन्होंने विज्ञान के छात्रों के लिए मेडिकल, इंजीनियरिंग, डिफेंस, रिसर्च, डाटा साइंस व होटल मैनेजमेंट तथा नए दौर के तकनीकी कोर्सेज की जानकारी दी। कला वर्ग के विद्यार्थियों को भी नवीन क्षेत्र में जाने की जानकारी दी। कार्यक्रम के अंत में प्रश्नोत्तरी कार्यक्रम रखा गया। काउंसलर पिन्डार ने रिमार्केबल एजुकेशन प्राइवेट लिमिटेड द्वारा जारी हेल्पलाइन नंबर भी सांझा किए। इस



अवसर पर प्रधानाचार्य महेश कुलड़िया ने कहा कि विद्यार्थियों की क्षमताओं और सपनों की पूर्णता के लिए कैरियर एवं उचित मार्गदर्शन आवश्यक है। इस अवसर पर उप प्रधानाचार्य हेमंत सैनी, सुंदरलाल सैनी, अनोपसिंह राठौड़, गौरीशंकर वर्मा, रामलाल मूंड आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का सफल संयोजन डॉ प्रभा पारीक ने किया।

## 33 केवी लाइन का तार टूटकर खेत में गिरा, आग से गेहूं की फसल जली; करंट से एक झुलसा



जयपुर टाइम्स

**गुढ़ा/झुंझुनूं(निस)।।** खटकड़ गांव में शुक्रवार दोपहर करीब 3 बजे बिजली लाइन का तार टूटकर खेत में गिरने से गेहूं की फसल में आग लग गई। जानकारी के अनुसार केड पंचायत क्षेत्र में मुनेश कुमावत के खेत से गुजर रही 33 केवी लाइन का तार टूटकर खेत की तारबंदी पर गिर गया, जिससे करंट फैलते ही सूखी फसल ने आग पकड़ ली। हवा के कारण आग तेजी से फैल गई और देखते ही देखते खेत का बड़ा हिस्सा इसकी चपेट में आ गया। ग्रामीणों ने ट्रैक्टरों की मदद से पानी व मिट्टी डालकर आग बुझाने का प्रयास किया, लेकिन तब तक काफी फसल जलकर राख हो चुकी थी। आग में खेत में लगे नोजल पाइप भी जल गए। ग्रामीणों का आरोप है कि सूचना देने के बावजूद बिजली आपूर्ति करीब 10 मिनट बाद बंद की गई, जिससे नुकसान बढ़ गया। घटना के दौरान एक व्यक्ति करंट की चपेट में आ गया, जिसे उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया गया। ग्रामीणों ने विद्युत विभाग से नुकसान का आकलन कर मुआवजा दिलाने और जर्जर लाइनों के समय पर रखरखाव की मांग की है।

## ट्रेन की चपेट में आने से एक घायल

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** ट्रेन की चपेट मे आने से व्यक्ति गंभीर घायल हो गया। जानकारी के अनुसार शनिवार दोपहर क़ो जोधपुर दिल्ली सराय रोहिला सालासर एक्सप्रेस की चपेट में आने से नलिया बास रेल फाटक के पास पोकरचंद (50) पुत्र चौथमल रेगर, निवासी वार्ड नंबर 37 सुजानगढ़ गंभीर घायल हो गया। जिसके हाथ का पंजा अलग हो गया तथा पैर और बाक़ी शरीर पर भी चोटे लगी। आरपीएफ चौकी इंचार्ज एएसआई रविंद्र सिंह श्योराण, स्टेशन मैनेजर प्रहलाद राय मीणा की सूचना पर टीम हारे का सहारा संयोजक श्याम स्वर्णकार, एम्बूलेंस चालक भरत मौक़े पर पहुंचे तथा गंभीर घायल क़ो बगड़िया अस्पताल सुजानगढ़ की इमरजेंसी वार्ड मे भर्ती कराकर इलाज शुरू कराया। डॉ रामरतन बिस्सू, रामरख ने इलाज किया। सूचना पर कोतवाली पुलिस सुजानगढ़ के एएसआई नंदकिशोर भी अस्पताल पहुंचे तथा मामले की जानकारी ली।


## कार्यालय ग्राम पंचायत बम्बू पंचायत समिति बीदासर

दिनांक :- 25.03.2026

ग्राम पंचायत बम्बू में वर्ष 2025 - 26 निम्नांकित विकास कार्यो हेतु ई-निविदायें आंमत्रित की जाती है। निविदा से संबंधित अन्य विवरण तथा समस्त निविदा शर्ते http//eproc.rajasthan.gov.in एवं http//sppp.rajasthan.gov.in देखी एवं डाउनलोड कर प्राप्त की जा सकती है। दिनांक 01.04.2026 को खोली जायेगी ।

| क्र.सं. | पत्रांक/दिनांक | निविदा संख्या | NIB NO | UBN NO | वि.वि. |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 126-130/25.03.2026 | 13/2025-26 | ZCR2526A1768 | ZCR2526WSOB03052 | |
| 2 | 130-135/25.03.2026 | 14/2025-26 | ZCR2526A1767 | ZCR2526WSOB03051 | |

प्रशासक
ग्राम पंचायत बम्बू
पंचायत समिति बीदासर

ग्राम विकास अधिकारी
ग्राम पंचायत बम्बू
पंचायत समिति बीदासर

## धौलपुर में विश्व हिन्दू परिषद का रामोत्सव, भजन-कीर्तन व श्रीराम के आदर्शों पर चलने का संदेश



जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस)।** विश्व हिन्दू परिषद प्रखंड-धौलपुर की ओर से शनिवार को ब्रेकरी वाली गली, संतर रोड स्थित क्षेत्र में 'रामोत्सव' का आयोजन श्रद्धा और उत्साह के साथ किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत श्रीराम दरबार एवं भारत माता के चित्रों पर माल्यार्पण और ओंकार ध्वनि के साथ हुई। इस अवसर पर विभाग मंत्री नरेन्द्र सिंह त्यागी (भरतपुर) ने 'धर्मों रक्षित रक्षितः' विषय पर संबोधित करते हुए कहा कि जो धर्म की रक्षा करता है, धर्म उसकी रक्षा करता है। उन्होंने मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम के आदर्शों पर चलने का आह्वान किया। कार्यक्रम में मातृ शक्ति की ओर से श्रीराम स्तुति व राम जन्म स्तुति के साथ भजन-कीर्तन प्रस्तुत किए गए, जिससे वातावरण भक्तिमय हो गया। रामोत्सव में रजनी गोयल (मातृशक्ति संयोजिका), आकांक्षा भार्गव (सत्संग प्रमुख), पुरुषोत्तम जिंदल, अशोक कुलश्रेष्ठ, रेनू प्रजापति, कुसुमलता जिंदल, ममता श्रीवास्तव सहित अनेक श्रद्धालु व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## अवैध चम्बल बजरी पर पुलिस की कार्रवाई, ट्रैक्टर-ट्रॉली जब्त; चालक-परिचालक गिरफ्तार



जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस)।** जिले में अवैध चम्बल रेता-बजरी परिवहन के खिलाफ पुलिस ने सख्त कार्रवाई करते हुए एक ट्रैक्टर-ट्रॉली जब्त कर चालक व परिचालक को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान के निर्देशन में की गई। जानकारी के अनुसार अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक वैभव शर्मा एवं सीओ खलील अहमद के सुपरविजन में राजाखेड़ा थानाधिकारी गम्भीर सिंह के नेतृत्व में टीम गठित की गई। डीएसटी टीम से मिली सूचना पर एएसआई अजीत सिंह मय जाप्ता ने कार्रवाई करते हुए गढ़ी टिडावली तिराहा से अवैध चम्बल रेता से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली को पकड़ा। पुलिस ने मौके से ट्रैक्टर चालक छोटू उर्फ कप्तान (24) निवासी समौना तथा परिचालक समीर खान (19) निवासी समौना को गिरफ्तार किया। जब्त वाहन बिना नंबर का था और उसमें गीली चम्बल बजरी भरी हुई थी। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ बीएनएस, वन्य जीव संरक्षण अधिनियम एवं राजस्थान वन अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि क्षेत्र में अवैध बजरी परिवहन के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा।

## ततैया टीम की कार्रवाईः 111 कनेक्शन काटे, ट्रांसफॉर्मर उतारे; 12 विद्युत चोरी के केस दर्ज



जयपुर टाइम्स

**धौलपुर/राजाखेड़ा(निस)।।** जेवीवीएनएल की ततैया टीम ने बकायादारों और विद्युत चोरी के खिलाफ सख्त अभियान चलाते हुए उपखंड राजाखेड़ा में व्यापक कार्रवाई की। अधीक्षण अभियंता विवेक शर्मा के निर्देशन में सहायक अभियंता आनंद तिवारी के नेतृत्व में यह अभियान चलाया गया। कार्रवाई के दौरान राजाखेड़ा ग्रामीण क्षेत्र में कनिष्ठ अभियंता विशाल जायसवाल की टीम ने 3 ट्रांसफॉर्मर करीब 3.80 लाख रुपए के बकाया पर उतरवाकर स्टोर में जमा कराए तथा 35 कनेक्शन करीब 20 लाख रुपए की बकाया राशि पर डिस्कनेक्ट किए। साथ ही डीसी-पीडीसी परिसरों की जांच के दौरान मौके पर बिजली चालू मिलने पर 12 वीसीआर भरकर कार्रवाई की गई। शहर क्षेत्र में कनिष्ठ अभियंता मयंक मिश्रा की टीम ने 28 कनेक्शन करीब 8 लाख रुपए के बकाया पर काटे और उपभोक्ताओं से बिल जमा कराने की अपील की। वहीं मरैना क्षेत्र में कनिष्ठ अभियंता रणवीर सिंह मूंड ने 48 कनेक्शन करीब 28 लाख रुपए के बकाया पर डिस्कनेक्ट किए। अभियान के दौरान मौके पर ही करीब 7 लाख रुपए की बकाया राशि भी जमा करवाई गई। सहायक अभियंता आनंद तिवारी ने उपभोक्ताओं से समय पर बिजली बिल जमा कराने और विद्युत तंत्र से छेड़छाड़ नहीं करने की अपील की। उन्होंने प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना का लाभ उठाकर सोलर संयंत्र लगाने का भी आग्रह किया। अभियान में विशाल जायसवाल, मयंक मिश्रा, रणवीर सिंह मूंड, वरिष्ठ टेक्निशियन अवधेश शर्मा, भूदेव सिंह, वीरेंद्र सिंह, राजवीर सिंह, बालकिशन शर्मा, शमशेर खां, यूनिश खां, शिवनरेश शाहपुरिया, भूदेव प्रसाद, जगदीश सिंह, गोपाल कुशवाह, बंटी खां सहित अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।

## श्रीराम गौशाला में आज सेवा महाआयोजन

**सुमेरपुर(निस)।** श्रीराम गौशाला परिसर में रविवार को गौ सेवा, आस्था और सामाजिक समर्पण का भव्य आयोजन होगा। गौशाला अध्यक्ष धीरज सांखला की प्रेरणा से आयोजित इस कार्यक्रम में कोलीवाड़ा निवासी भामाशाह गणपत सोनी ने गौ सेवा के लिए 51 हजार रुपए की भेंट दी है, जिससे क्षेत्र में उत्साह का माहौल बना हुआ है। कार्यक्रम के तहत सुबह 11 बजे गौ माता को 101 किलो गुड़ का भोग अर्पित कर विधिवत पूजा-अर्चना की जाएगी। इसके बाद गौ सेवा में योगदान के लिए गणपत सोनी का सम्मान समारोह आयोजित किया जाएगा, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के शामिल होने की संभावना है।अध्यक्ष धीरज सांखला ने बताया कि गौ सेवा केवल धार्मिक आस्था नहीं, बल्कि समाज की नैतिक जिम्मेदारी भी है।

# कार्यकर्ताओं को ऊर्जावान बनाने का माध्यम हैं प्रशिक्षण शिविर : डॉ. शिवचरण कुशवाहा

जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस)।** पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान के तहत शनिवार को धौलपुर विधानसभा के पुराना शहर मंडल में प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में भाजपा कार्यकर्ताओं को संगठनात्मक मजबूती, सरकार की योजनाओं के प्रचार-प्रसार और वैचारिक प्रशिक्षण का संदेश दिया गया।




कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. शिवचरण कुशवाहा व विवेक सिंह बोहरा रहे, जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में राजा भैया और जिला परिषद सदस्य दीपचंद कुशवाहा उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष रजत शर्मा ने की। शिविर की शुरुआत पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ की गई। मुख्य अतिथि डॉ. शिवचरण कुशवाहा ने कहा कि प्रशिक्षण शिविरों का मुख्य उद्देश्य कार्यकर्ताओं को ऊर्जावान बनाना है, ताकि वे भाजपा सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को घर-घर तक पहुंचा सकें। उन्होंने कार्यकर्ताओं से संगठन को मजबूत करने और समाज के हर वर्ग तक पहुंच बनाने का आह्वान किया। युवा नेता विवेक सिंह बोहरा ने अपने संबोधन में कहा कि विपक्षी दलों की ओर से देश में संसाधनों को लेकर भ्रामक प्रचार किया जा रहा है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से अपील की कि वे ऐसी अफवाहों से सतर्क रहें और आमजन को सही जानकारी देकर भ्रम दूर करें। उन्होंने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार और प्रदेश की भजनलाल सरकार के पास आमजन की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए पर्याप्त संसाधन उपलब्ध हैं। विशिष्ट अतिथि राजा भैया ने सौर ऊर्जा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि भारत ऊर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से सौर ऊर्जा योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने और आमजन को इसके उपयोग के लिए प्रेरित करने की अपील की। जिला परिषद सदस्य दीपचंद कुशवाहा ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय के विचारों पर चलते हुए समाज के अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने की बात कही। कार्यक्रम का संचालन भरतपुर सह मीडिया प्रभारी व जिला मीडिया प्रभारी मुकेश सक्सेना ने किया, जबकि मंडल अध्यक्ष रजत शर्मा ने सभी अतिथियों एवं कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर पूर्व मंडल अध्यक्ष मुस्ताक कुरैशी, वरिष्ठ भाजपा नेता ओमप्रकाश कोली, सुभाष पचौरी, महेश जाटव, महेश चंद कोली, महेंद्र कोली, पार्षद गौरव गोयल, सचिन प्रजापति, केशव सक्सेना, रविंद्र कुमार गर्ग, पार्षद सोनू बघेल, अनीश खान, राजू गुर्जर, ऋतिक वर्मा, फैजल खान, राघवेंद्र बघेल, सोनू दिवाकर, जगमोहन बघेल, दुर्गेश श्रीवास्तव, महावीर गर्ग, अमित तिवारी, कुलदीप शर्मा, शिव सिंह बघेल, मुकेश बघेल सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम में कार्यकर्ताओं में उत्साह और ऊर्जा का माहौल देखने को मिला तथा संगठन को मजबूत करने का संकल्प लिया गया।

## स्कूल चलो' के नारों से गूंजे सरमथुरा-बाड़ी, नव नामांकन रैली ने जगाई शिक्षा की अलख

जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस)।** जिले के सरमथुरा व बाड़ी ब्लॉक की ग्राम पंचायत पिपरैट और चिलचोन्द में शुक्रवार को 'कवच' परियोजना के तहत नव नामांकन जागरूकता रैली निकाली गई। प्रयत्न संस्था की ओर से आयोजित इस कार्यक्रम का उद्देश्य अधिक से अधिक बच्चों को विद्यालय से जोड़ना और शिक्षा के प्रति जनजागरूकता बढ़ाना रहा। कार्यक्रम का शुभारंभ पंचायत शिक्षा अधिकारी बहादुर सिंह मीणा और पूरणमल महावर ने किया। इस दौरान संस्था के ब्लॉक कोऑर्डिनेटर ठाकुरदास कुशवाह और रामबरन गोस्वामी ने शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि शिक्षा हर बच्चे का मौलिक अधिकार है और कोई भी बच्चा इससे वंचित नहीं रहना चाहिए। उन्होंने शत-प्रतिशत नामांकन सुनिश्चित करने के लिए आमजन से सहयोग की अपील की। रैली में बच्चों और ग्रामीणों ने 'स्कूल चलो भाई स्कूल चलो' और 'शिक्षा है अधिकार हमारा' जैसे जोशीले नारों के साथ गांव में भ्रमण कर




अभिभावकों को प्रेरित किया। इस दौरान पूरे क्षेत्र में शिक्षा के प्रति सकारात्मक माहौल देखने को मिला। कार्यक्रम में संस्था के सरनाम सिंह कुशवाहा, विद्यालय स्टाफ शिवराज सिंह परमार, विजयपथ, वरिष्ठ अध्यापक गिर्राज सिंह, पीटीआई रामसिंह सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणों और बच्चों की सक्रिय भागीदारी रही। रैली के माध्यम से शिक्षा का संदेश घर-घर तक पहुंचाया गया।

## वंदे मातरम' के 150 वर्ष पूर्ण होने पर संगोष्ठी का आयोजन

जयपुर टाइम्स



**धौलपुर(निस)।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद, राजकीय कन्या महाविद्यालय इकाई की ओर'वंदे मातरम्' के 150 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में महाविद्यालय परिसर में 'वंदे मातरम्' विषय पर एक भव्य संगोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसका उद्देश्य छात्राओं में राष्ट्रभक्ति की भावना को जागृत करना तथा 'वंदे मातरम्' के ऐतिहासिक, सांस्कृतिक व राष्ट्रनिर्माण में इसके योगदान के महत्व से अवगत कराना रहा। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में अभाविप के जिला संगठन मंत्री उमेश ओझा उपस्थित रहे। उन्होंने कहा कि 'वंदे मातरम्' केवल एक गीत नहीं, बल्कि भारत की आत्मा है। यह गीत स्वतंत्रता संग्राम के दौरान लाखों क्रांतिकारियों के लिए प्रेरणा का स्रोत रहा है। हमारे पूर्वजों ने 'वंदे मातरम्' का उद्घोष करते हुए अपने प्राणों का बलिदान दिया, जिससे यह गीत राष्ट्रभक्ति और त्याग का प्रतीक बन गया। उन्होंने छात्राओं से आह्वान किया कि वे इस महान विरासत को समझें और अपने जीवन में राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखें। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे महाविद्यालय प्राचार्य अनिल गिरि ने बंदे मातरम्' के ऐतिहासिक महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह गीत न केवल स्वतंत्रता आंदोलन का अभिन्न हिस्सा रहा है, बल्कि आज भी यह हमें अपने राष्ट्र के प्रति कर्तव्य और समर्पण की प्रेरणा देता है। उन्होंने छात्राओं को शिक्षा के साथ-साथ संस्कारों और राष्ट्रप्रेम को भी अपने जीवन का हिस्सा बनाने के लिए प्रेरित किया। संगोष्ठी के दौरान छात्राओं ने भी सक्रिय भागीदारी निभाई और 'वंदे मातरम्' से जुड़े अपने विचार प्रस्तुत किए। कार्यक्रम का समापन सामूहिक रूप से 'वंदे मातरम्' के गायन से किया गया।

## आंगनबाड़ी केंद्र जमालपुर नंद घर में पानी की समस्या का समाधान

जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस)।** राज्य राजस्थान के जिला धौलपुर के ब्लॉक बाड़ी अंतर्गत सेक्टर कंचनपुर के आंगनबाड़ी केंद्र जमालपुर नंद घर में पिछले एक वर्ष से पेयजल की गंभीर समस्या बनी हुई थी। इस समस्या के कारण केंद्र पर आने वाले बच्चों व महिलाओं को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा था। महिला व बाल विकास विभाग के अंतर्गत संचालित इस आंगनबाड़ी केंद्र पर पानी की अनुपलब्धता से दैनिक गतिविधियां भी प्रभावित हो रही थीं। इस समस्या को गंभीरता से लेते हुए बाल बर्धन प्रोजेक्ट में कार्यरत क्षेत्र समन्वयक कृष्ण कुमार ने पहल की और संबंधित विभागों से समन्वय स्थापित कर समस्या के समाधान के लिए प्रयास किए। उनके सतत प्रयासों के फलस्वरूप आंगनबाड़ी केंद्र में पानी की व्यवस्था सुचारु रूप से सुनिश्चित करवाई गई। अब केंद्र पर बच्चों और महिलाओं को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध हो रहा है, जिससे उनकी उपस्थिति और स्वास्थ्य पर सकारात्मक प्रभाव पड़ा




है। स्थानीय लोगों व आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने इस सराहनीय कार्य के लिए क्षेत्र समन्वयक कृष्ण कुमार का आभार व्यक्त किया है। यह पहल अन्य क्षेत्रों के लिए भी प्रेरणादायक साबित हो रही है।

## राजाखेड़ा में दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण सेवा शिविर



जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस)।** राजाखेड़ा में उच्च माध्यमिक आदर्श विद्या मंदिर में पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण सेवा, शिविर भारतीय जनता पार्टी की ओर से आयोजित किया गया जिसमें पार्टी की रीति नीतियों को जन-जन गांव गांव घर-घर तक पहुंचाने का आवाहन किया गया एवं पार्टी को मजबूत बनाने के लिए गांव के हर कार्यकर्ता को तन मनन से जुड़ जाने का भी आह्वान किया गया इस अवसर पर शिविर में मिश्रीलाल अध्यापक, लक्ष्मण सिंह तोमर, गिर्राज सिंह अध्यापक, उत्तम दीक्षित, ऋतिक सक्सेना व शिविर के मुख्य अतिथि विशंभर दयाल शर्मा ने अपने विचार व्यक्त किए। शिविर में नायला मंडल व राजाखेड़ा शहर मंडल जयवीर सिंह सत्यम गुप्ता के तत्वाधान में शिवर आयोजित किया गया। शिविर में राजाखेड़ा क्षेत्र के भाजपा के कार्यकर्ता ग्रामीण व शहरी उपस्थित हुए इसमें मुख्य वक्ता के रूप में विशंभरदयाल शर्मा व प्रशिक्षण संयोजक ऋतिक सक्सेना व सहसंयोजक उत्तम दीक्षित, अन्य युवा प्रबुद्ध नागरिक लोग उपस्थित रहे संचालन मोहनप्रकाश ने किया। इसमें लक्ष्मण सिंह तोमर, जिला उपाध्यक्ष शिव शंकर परिहार, मधुसूदन शर्मा दंडोतिया, रमाशंकर लहचोरिया, अनूप तिवारी मंडल अध्यक्ष, जयवीर सिंह मंडल अध्यक्ष, सत्यम गुप्ता, खुशी लाल सरपंच, रामसेवक पूर्व सरपंच कछियापुरा, मधुसूदन दंडोतिया, यशपाल सिंह ठाकुर सिलावट विनोद तोहर शेखपुरा सहित कई लोग उपस्थित रहे। मंच का संचालन मोहन प्रकाश ठाकुर ने किया।

## बाड़ी में पं. दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महा अभियान, राष्ट्रवाद व अंत्योदय पर दिया जोर

जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस)।** जिले के बाड़ी विधानसभा क्षेत्र के शहर मंडल में 'पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान-2026' के तहत बीएस गार्डन में कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मंडल अध्यक्षा वंदना शिवहरे ने की, जबकि मुख्य वक्ता के रूप में भाजपा जिला अध्यक्ष राजवीर सिंह राजावत उपस्थित रहे। कार्यक्रम में प्रशिक्षण मंडल प्रभारी ब्रजराज परमार, सह प्रभारी सुरेश बाबा, जिला मंत्री ओमकार कटारा, जिला महामंत्री अनिल गोयल सहित कई पदाधिकारी मौजूद रहे। वक्ताओं ने राष्ट्रवाद, अंत्योदय, पंच परिवर्तन, नागरिक कर्तव्य, कुटुंब प्रबोधन जैसे विषयों पर विस्तार से जानकारी देते हुए कार्यकर्ताओं को संगठन की रीति-नीति, समरसता और सद्भावना के साथ कार्य करने का संदेश दिया। जिला महामंत्री अनिल गोयल ने मंच संचालन किया। ब्रजराज परमार ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय के जीवन पर प्रकाश डाला, सुरेश बाबा ने कार्यकर्ताओं को एकजुट रहने की सलाह दी। मंडल अध्यक्षा वंदना शिवहरे ने 'मन की बात', टिफिन बैठक और आगामी कार्यक्रमों की जानकारी दी तथा केंद्र व राज्य सरकार की योजनाओं पर चर्चा की। सतीश प्रजापति ने भाजपा के इतिहास और शिप्रा गर्ग ने सोशल मीडिया के महत्व पर प्रकाश डाला। अंत में धनंजय शर्मा ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

# जयकारों, पुष्पवर्षा और भाईचारे के संग बाड़ी में निकली भव्य श्रीराम शोभायात्रा

जयपुर टाइम्स

**धौलपुर/बाड़ी(निस)।** चैत मास शुक्ल पक्ष नवमी पर भगवान श्रीराम के जन्मोत्सव के अवसर पर शुक्रवार को बाड़ी शहर भक्तिरस में सराबोर नजर आया। रामनवमी के पावन पर्व पर समस्त हिंदू समाज ने अपने घरों पर भगवा ध्वज लगाकर प्रभु श्रीराम की विधिवत पूजा-अर्चना की। शहर में हर ओर 'जय श्रीराम' के उद्घोष गूंजते रहे। विश्व हिंदू परिषद के तत्वावधान में सर्व समाज के सहयोग से भव्य और दिव्य श्रीराम शोभायात्रा का आयोजन किया गया। शोभायात्रा की शुरुआत परशुराम धर्मशाला से हुई, जहां संयोजक विष्णु सिंघल, सहसंयोजक बाबी परमार, रविन्द्र गुर्जर एवं कोषाध्यक्ष धीरज सोनी ने विधिवत पूजा-अर्चना कर भगवान श्रीराम की आकर्षक झांकी एवं हनुमानजी के स्वरूप के साथ यात्रा को रवाना किया।



शोभायात्रा में शामिल श्रद्धालु 'जय श्रीराम' के जयघोष लगाते हुए शहर के प्रमुख मार्गों—महाराज बाग चौराहा, भारद्वाज मार्केट, बसेड़ी रोड, सीताराम बाजार, मदरसा चौराहा, सदर बाजार, लुहार बाजार होते हुए किला गेट तक पहुंचे। जगह-जगह लोगों ने पुष्पवर्षा कर शोभायात्रा का स्वागत किया, जिससे पूरा शहर भक्तिमय हो उठा। संजू परमार (ठाकुरपाड़ा), भारद्वाज मार्केट समिति, डॉ. अम्बेडकर शोभायात्रा समिति, अग्रवाल सभा, व्यापार मंडल व मुस्लिम समाज सहित विभिन्न सामाजिक संगठनों ने शोभायात्रा का गर्मजोशी से स्वागत किया। कई स्थानों पर ठंडा पानी, कोल्ड ड्रिंक, केले आदि वितरित किए गए तथा अतिथियों और प्रशासनिक अधिकारियों को साफा पहनाकर सम्मानित किया गया। शोभायात्रा के दौरान सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए। एक दिन पूर्व पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान ने फ्लैग मार्च निकालकर शांति और भाईचारे के साथ आयोजन की अपील की थी। आयोजन के दौरान डिप्टी एसपी महेंद्र मीणा, कोतवाली प्रभारी देवेंद्र कुमार शर्मा, सदर थाना एवं सोने का गुर्जा थाना पुलिस सहित विभिन्न थानों का जाब्ता तैनात रहा। सुरक्षा व्यवस्था के तहत ड्रोन निगरानी के साथ संवेदनशील स्थानों पर छतों पर भी पुलिस बल तैनात किया गया। इस अवसर पर बाड़ी विधायक जसवंत सिंह गुर्जर, विश्व हिंदू परिषद के नगर अध्यक्ष डॉ. जितेंद्र शर्मा, वैद्य गिरीश शर्मा, अग्रवाल सभा अध्यक्ष दिनेश गर्ग बागथरिया, ब्राह्मण समाज अध्यक्ष पवन चंसोरिया, विष्णु महेरे, बॉबी परमार, महेश भटेले, रिंकू सोंहाँ, एडवोकेट राधेश्याम गर्ग, राकेश गर्ग कम्पनी परिवार, पिंकी शर्मा, वंदना शिवहरे, रोशनी शिवहरे, अनुपमा अग्रवाल, धीरज सोनी, दारा सिंह पचौरी, अशोक गोयल, किशन शर्मा, मोतीलाल वर्मा सहित विभिन्न सामाजिक, धार्मिक एवं राजनीतिक संगठनों के पदाधिकारी और बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित रहे। शोभायात्रा मुख्य बाजारों से होते हुए बाईपास मार्ग से पुनः परशुराम धर्मशाला पहुंची, जहां विधिवत समापन किया गया। इस भव्य आयोजन ने शहर में प्रेम, भाईचारे और सामाजिक सौहार्द का सशक्त संदेश दिया।

# शेखावाटी जयपुर टाइम्स

जयपुर, रविवार
29 मार्च, 2026


## सुजानगढ़ में होनहार प्रतिभाओं का किया सम्मान




जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** स्थानीय द वी एस कॉन्सेप्ट के तत्वाधान में प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता लक्ष्मी नारायण शर्मा ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में परीक्षित माली, रागिनी सैनी, मनीष सैनी उपस्थित रहे। द वीएस कॉन्सेप्ट कोचिंग के निदेशक विकास सिंह चोबदार ने बताया कि कोचिंग में प्रथम स्थान सोनाक्षी स्वामी 95.50' ने प्राप्त किया। जबकि कुलदीप गुलेरिया 92.33, गोविंद 91.17, संजय प्रजापत ने 91 प्रतिशत अंक हासिल किए। रिद्धिमा प्रजापत, शुभम प्रजापत, अक्षत पथानिया, सोफिया सिंह, धनिष्ठा सैनी, आदित्य, आरती आरती, पूजा, अरमान, दशरथ, मानवी आदि ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। इस अवसर पर विक्रम सिंह चोबदार, एडवोकेट मधु चोबदार, योगिता, हरीश, पिंकी सैनी, चिरंजी लाल बागड़ा, सरोज देवी आदि उपस्थित रहे, जिन्होंने भी प्रतिभाओं को सम्मानित किया।

## ब्राइट माइंड्स में उत्कृष्ट अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को किया सम्मानित



जयपुर टाइम्स

**चूरू(निस)।** स्थानीय ब्राइट माइंड्स पब्लिक स्कूल में शनिवार को रिजल्ट सेरेमनी का आयोजन किया गया। विद्यालय के प्रधानाचार्य राहुल शर्मा ने बताया कि कक्षा 10, कक्षा 8 और कक्षा 5 की बोर्ड परीक्षा में विद्यालय का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा। इसी प्रकार अन्य स्थानीय परीक्षाओं में भी विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट अंक प्राप्त किए। इस अवसर विद्यालय प्रबंध समिति ने विद्यालय के टॉपर विद्यार्थियों को प्रशस्ति-पत्र व नकद प्रोत्साहन राशि देकर सम्मानित किया। विद्यालय में किए गए नवाचार की अभिभावकों ने प्रशंसा की। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय प्रबंध समिति के सचिव भागीरथ शर्मा ने की। मुख्य अतिथि लोहिया कॉलेज प्राचार्य डॉ. मंजू शर्मा और विशिष्ट अतिथि समसा एडीपीसी सरिता आत्रेय थी। इस अवसर पर डॉ. मंजू शर्मा ने कहा कि विद्यार्थी लक्ष्य निर्धारित कर कठिन परिश्रम करें। यहीं सफलता की कुंजी है। सरिता आत्रेय ने विद्यालय की शिक्षण व्यवस्था की प्रशंसा की। विद्यालय प्रबंध समिति के सचिव भागीरथ शर्मा ने आगंतुकों का स्वागत किया और विद्यालय की व्यवस्थाओं की जानकारी दी। इस अवसर पर सीए विनोद अग्रवाल, राजेश मंडावेवाला, विमल सिंह राठौड़, श्याम सुंदर शर्मा, रामस्वरूप शर्मा, ओमप्रकाश तंवर आदि उपस्थित रहे।

## हुडेरा स्कूल में 15.48 लाख के निर्माण कार्य से पहले देव पूजन, दो कमरे व शौचालय ब्लॉक बनेंगे



जयपुर टाइम्स

**रतनगढ़(निस)।** तहसील के गांव हुडेरा स्थित राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय में भामाशाह जोधराज बैद परिवार की ओर से कराए जा रहे निर्माण कार्य से पूर्व शुक्रवार को विधिवत देव पूजन किया गया। कार्यक्रम पूर्व पालिकाध्यक्ष संतोष इंदौरिया के सानिध्य में आयोजित हुआ। प्रधानाध्यापक दौलतराम दायमा ने बताया कि बैद परिवार की ओर से स्कूल में करीब 15 लाख 48 हजार रुपए की लागत से दो कमरे व शौचालय ब्लॉक का निर्माण कराया जाएगा। इस अवसर पर भामाशाह प्रेरक कुलदीप व्यास ने पूजा-अर्चना करते हुए निर्माण कार्य की शुरुआत करवाई। कुलदीप व्यास ने कहा कि गुणवत्तापूर्ण निर्माण के लिए स्कूल विकास एवं प्रबंध समिति के सदस्यों की सजगता जरूरी है। वहीं पूर्व पालिकाध्यक्ष संतोष इंदौरिया ने बैद परिवार के शिक्षा क्षेत्र में निरंतर योगदान को प्रेरणादायी बताते हुए निर्माण कार्य के सफलतापूर्वक पूर्ण होने की कामना की। पंडित मनोज महर्षि के आचार्यत्व में हुए पूजन कार्यक्रम में चंपालाल, कुशाल सैनी, राजेंद्रसिंह, माननाथ, देवीसिंह, महावीर मेघवाल, श्यामनाथ सहित विद्यालय परिवार के सदस्य मौजूद रहे।

## विधायक शर्मा को बताई समस्याएं

**जयपुर / मण्डावा(निस)।** । सिविल लाइन्स विधायक गोपाल शर्मा से ब्राह्मण महासभा के जिलाध्यक्ष अरविन्द पारीक की अगुवाई में बनीपार्क के लोग विभिन्न समस्याओं के समाधान के लिए शिष्टाचार की भेंटकर समस्याओं से अवगत करवाया। विधायक



शर्मा ने तुरन्त नगर निगम के अधिकारियों को निर्देश दिया की सभी समस्याओं का समाधान शीघ्र करें।

# पशुपालन मंत्री ने की पाली में अधिकारियों के साथ बैठक-पेयजल, बिजली व चिकित्सा सुविधाओं को लेकर दिए आवश्यक दिशा-निर्देश

जयपुर टाइम्स



**जयपुर(कास)।** पशुपालन, गोपालन, डेयरी एवं देवस्थान विभाग के कैबिनेट मंत्री जोराराम कुमावत ने पाली के सुमेरपुर प्रवास के दौरान शुक्रवार को निज आवास पर अधिकारियों की बैठक ली। उन्होंने बैठक के दौरान शहर की मूलभूत समस्याओं से संबंधित शिकायतों का प्रमुखता से निस्तारण करने के निर्देश दिए। कुमावत ने शहर की अवांछनीय गतिविधियों पर कड़ी नजर रखकर अपराधियों पर सख्त कार्रवाई करने के लिए रात्रिकालीन गश्त बढ़ाने व मुख्य चौराहों पर सीसीटीवी कैमरों के जरिए मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए। उन्होंने शहर में लगातार बढ़ रही चोरी की वारदातों पर अंकुश लगाने के साथ-साथ चोरी के मामलों की जांच में तेजी लाने के लिए पाबंद किया। मंत्री कुमावत ने बाइक चोरी की घटनाओं पर नियंत्रण पाने, एमडी नशे की बिक्री की रोकथाम व स्पा सेंटर्स पर अनैतिक गतिविधियों पर प्रभावी कार्रवाई की हिदायत दी। कैबिनेट मंत्री कुमावत ने बैठक के दौरान नगर पालिका क्षेत्र में साफ-सफाई व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया। उन्होंने खराब पड़ी स्ट्रीट लाइटों की मरम्मत करवाने, जिन इलाकों में स्ट्रीट लाइटें नहीं हैं, वहां नई लाइटें लगवाने तथा प्रमुख स्थलों पर खराब पड़े सीसीटीवी कैमरों को दुरुस्त करने के लिए भी अधिकारियों को निर्देशित किया। बैठक के दौरान उप जिला चिकित्सालय की चिकित्सा सुविधाओं पर चर्चा हुई। इसमें एसडीएच प्रभारी महिपाल सिंह परमार ने मंत्री कुमावत को चिकित्सा में पदस्थापित चिकित्सकों व नर्सिंग स्टाफ की उपलब्धता के संबंध में अवगत कराया। परमार ने बताया कि चिकित्सालय में जल्द ही डायलिसिस की सुविधा शुरू की जाएगी। कुमावत ने आमजन को चिकित्सा सुविधा सहज उपलब्ध करवाने के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया। उन्होंने उप जिला चिकित्सालय के नए भवन निर्माण को लेकर भी चर्चा की। मंत्री कुमावत ने सार्वजनिक निर्माण विभाग के कार्यों की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे बजट घोषणा में स्वीकृत सड़कों का निर्माण कार्य निर्धारित अवधि में पूरा करें। मंत्री कुमावत ने पंचायती राज विभाग के कार्यों की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे विभिन्न योजनाओं में स्वीकृत कार्य निर्धारित अवधि में पूरा करवाएं। साथ ही उन्होंने गांवों में उचित सफाई व्यवस्था सुनिश्चित करने व पट्टों व अन्य प्रशासनिक कार्यों को भी जल्द से जल्द पूरा करने के लिए कहा। उन्होंने पेयजल संबंधी कार्यों की समीक्षा करते हुए कहा कि गर्मी के मौसम को देखते हुए गांवों में पेयजल संकट की स्थिति उत्पन्न न हो इसके लिए खराब हैंडपंपों की मरम्मत की जाए। वहीं, जल जीवन मिशन के तहत स्वीकृत टंकियों का निर्माण कार्य पूरा करने व अधूरे कनेक्शन निर्धारित अवधि में पूरे किए जाएं। गर्मी के मौसम में बिजली कटौती से संबंधित शिकायतों के निवारण के लिए मंत्री कुमावत ने एक मोबाइल नंबर जारी करने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने बिजली की खपत को देखते हुए लॉ-वोल्टेज वाले क्षेत्रों में अतिरिक्त ट्रांसफार्मर लगाने के लिए कहा। इस अवसर पर संबंधित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## बालिका आदर्श विद्या मंदिर का वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित



जयपुर टाइम्स

**लक्ष्मणगढ़(निस)।** मुख्य डाक घर के पास स्थित स्थानीय बालिका आदर्श विद्या मंदिर में शनिवार को सत्र 2025-26 का वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन व सरस्वती वंदना के साथ विधिवत् रूप से आयोजित हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा प्रवासी प्रकोष्ठ राजस्थान के प्रदेश संयोजक कुमार लाखोटिया रहे। जबकि अतिरिक्त जिला शिक्षा अधिकारी बाबूलाल गुर्जर, व्यवसायी रामस्वरूप सोमानी, भारतीय विद्या मंदिर समिति के पुरुषोत्तम मिश्रा, राजकुमार खिरवेवाल, विजेंद्र बिजारणियां मंचस्थ अतिथि रहे।कार्यक्रम के प्रारंभ में विद्यालय के प्रधानाचार्य विद्याधर शर्मा ने अतिथियों का स्वागत किया।कार्यक्रम के दौरान कक्षा अनुसार प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। विशेष रूप से कक्षा दसवीं में प्रथम स्थान प्राप्त अदिति वर्मा 96.33प्रतिशत, द्वितीय स्थान प्राप्त देवांशी जोशी 95.83 प्रतिशत व तृतीय स्थान प्राप्त कौमुदी शर्मा 94 प्रतिशत को सम्मानित किया गया इसी क्रम में कुल 18 छात्राओं ने गार्गी पुरस्कार सूची में स्थान प्राप्त करने पर सम्मानित किया गया।इसके साथ ही उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम देने वाले विद्यार्थियों, संस्कृति ज्ञान परीक्षा में श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले छात्र छात्राओं व शत- प्रतिशत उपस्थिति दर्ज कराने वाले विद्यार्थियों को भी सम्मानित किया गया।

## खाद-बीच एसोसिएशन का चुनावः रोहित पांडिया अध्यक्ष, सुभाष विश्नोई बने कोषाध्यक्ष

### बैठक में किसान हितों को लेकर की चर्चा

जयपुर टाइम्स



**सरदारशहर(निस)।** शहर के मेगा हाईवे पर स्थित एक होटल में खाद बीज एसोसिएशन के सर्वसम्मति से चुनाव में प्रदेश कार्यकारिणी के सदस्य मंजीत चौधरी व पूर्व अध्यक्ष मनरूप सारण के नैतृत्व में अध्यक्ष पद पर रोहित पांडिया, उपाध्यक्ष प्रमोद सैनी, कोषाध्यक्ष सुभाष विश्नोई, महामंत्री चुन्नीलाल रिणवां, प्रचार मंत्री भूदेव आर्य को जिम्मेदारी दी गई। इस दौरान खाद-बीज संगठन के सदस्यों ने सभी पदाधिकारियों को माला- साफा पहनाकर शानदार स्वागत किया। इस दौरान प्रदेश कार्यकारिणी के सदस्य मंजीत चौधरी ने कहा कि वर्तमान में चूरू जिले की डिमांड के अनुसार समय पर यूरिया, डीएपी सप्लाई नहीं हो रही है। अगर रतनगढ रेल्वेस्टेशन पर रैंक पोईंट स्थापित कर दिया जाता है तो किसानों को खाद प्रयाप्त मात्रा में मिलेगी। एसोसिएशन के सदस्यों ने कहा कि रैंक पोईंट स्थापित करने के लिए कृषि मंत्री को भी ज्ञापन दिया गया था। इस मौके पर मनरूप सारण, पूर्व अध्यक्ष मनीराम सारण, मोहनराम बाना, हेथराम हुड्डा, सुरेंद्र डुडी, प्रकाश कड़वा, लोकेश पांडिया, सतवीर खीचड़, प्रेम पोटलिया, जयप्रकाश सींवर, बालचंद सैनी, प्रदीप जागिड़, मुखराम सिहाग, मदन भादू, बालचंद सैनी, मनोज सारण, कपिल कस्वां, मनीराम सवाई, राजा सारण, बजरंगलाल सारण, सुमित पूनियां सहित अनेक व्यापारी मौजूद रहे।

## सरस्वती बीएड कॉलेज में विदाई समारोह, भीमसेन और सुनीता बने मिस्टर-मिस फेयरवेल



जयपुर टाइम्स

**सरदारशहर(निस)।** शहर के काका कॉलोनी स्थित सरस्वती ग्रुप की ओर से संचालित सरस्वती बीएड कॉलेज में विदाई समारोह का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ संस्था सचिव ओम प्रकाश सैनी ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया। समारोह की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ लोकेश शर्मा ने की। कार्यक्रम में डॉ मोहनलाल शर्मा प्राचार्य, सरस्वती आयुर्वेद नर्सिंग, डॉ गायत्री पांडिया, कविता शर्मा, अरुण जांगिड़, नेहा भोजक, हरिप्रसाद प्रजापत, गौतम भोजक, रामलाल बेनीवाल, चंदनमल सैनी डी फार्मा प्रभारी, विकास सैनी आईटीआई अधीक्षक, रोहित सैनी सचिव, आदर्श विद्या निकेतन, मोहित सैनी सचिव, ज्ञान वाटिका शिक्षण संस्थान, विनोद सेन, गोपीचंद मेघवाल, रामस्वरूप झोरड़, राधिका सैनी, भागीरथ मेघवाल एवं चंपालाल मेघवाल सहित कई अतिथि उपस्थित रहे। समारोह के दौरान प्रशिक्षणार्थियों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गईं। मोनिका मीणा, अनिका बेनीवाल, सुशीला सहू, पुष्पा, जया, दिव्या, भारती, राधिका और भावना ने अपनी प्रस्तुतियों से सभी का मन मोह लिया। विदाई समारोह में 4ह्व्द ईयर के छात्र भीमसेन को मिस्टर फेयरवेल और छात्रा सुनीता सहू को मिस फेयरवेल चुना गया। संस्था सचिव ओमप्रकाश सैनी ने प्रशिक्षणार्थियों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए विजेताओं को प्रतीक चिन्ह भेंट किए। इस दौरान संस्था सचिव ओमप्रकाश सैनी ने छात्रों का उत्साह बढ़ाते हुए कहा कि शिक्षा केवल डिग्री प्राप्त करने का माध्यम नहीं, बल्कि जीवन को सही दिशा देने का सशक्त साधन है। उन्होंने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वह अपने ज्ञान, संस्कार और मेहनत के बल पर समाज में सकारात्मक बदलाव लाएं और अपने क्षेत्र व देश का नाम रोशन करें। साथ ही उन्होंने सभी प्रशिक्षणार्थियों को अनुशासन, समर्पण और निरंतर प्रयास के साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम का सफल संचालन प्रशिक्षणार्थी राधिका शर्मा और भावना राठौड़ ने किया। समारोह का माहौल उत्साह, भावनाओं और उमंग से भरपूर रहा।

## छापर पशु हॉस्पिटल का एडीएम ने किया निरीक्षण

जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** एडीएम संतोष कुमार मीणा ने छापर स्थित राजकीय पशु चिकित्सालय औचक निरीक्षण किया। दवाईयों व पशुओं की चिकित्सा संबंधी सामान का निरीक्षण करके एडीएम मीणा ने हॉस्पिटल में आवश्यक दवाईयों के स्टॉक उपलब्ध करवाने, आवश्यक जांच संबंधी चिकित्सा उपकरण व एक्सपायरी हो चूकी दवाईयों के उचित निस्तारण, समस्त स्टाफ को समय पर उपस्थित रहने तथा अपना कार्य निष्ठापूर्वक करने के निर्देश दिए। वहीं राजकीय पशु चिकित्सालय में साफ-सफाई की व्यवस्थाएं उचित पाई गई। मुख्यमंत्री मंगला पशु बीमा योजना से अधिकाधिक पशु पालकों को लाभान्वित करने, कृत्रिम गर्भाधान के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए तथा टीकाकरण रजिस्टर, दवाई स्टॉक रजिस्टर व अन्य संबंधित संधारित रजिस्टरों की एडीएम ने जांच की।

## राजलदेसर नगरपालिका के ईओ कुन्दन देथा एपीओ, जयपुर निदेशालय में तलब

जयपुर टाइम्स

**राजलदेसर(निस)।** स्वायत्त शासन विभाग ने प्रशासनिक स्तर पर बड़ा निर्णय लेते हुए राजलदेसर नगरपालिका के अधिशाषी अधिकारी (ईओ) कुन्दन देथा को तत्काल प्रभाव से एपीओ (आदेशों की प्रतीक्षा में) कर दिया है। साथ ही उनका मुख्यालय निदेशालय, जयपुर निर्धारित किया गया है। विभाग की ओर से जारी आदेश क्रमांक 2595 के अनुसार यह कार्रवाई प्रशासनिक कारणों से की गई है। निदेशक जुईकर प्रतीक चन्द्रशेखर के हस्ताक्षर से जारी आदेश में देथा को निर्देशित किया गया है कि वे तुरंत प्रभाव से जयपुर स्थित निदेशालय में अपनी उपस्थिति दर्ज कराएं। आदेश सक्षम स्तर से अनुमोदन के बाद जारी किया गया है। इसकी प्रतिलिपि जिला कलेक्टर चूरू, उप निदेशक स्थानीय निकाय विभाग बीकानेर तथा राजलदेसर नगरपालिका प्रशासन को आवश्यक कार्यवाही के लिए भेजी गई है। फिलहाल उनके स्थान पर नए ईओ की नियुक्ति को लेकर स्थिति स्पष्ट नहीं हुई है।

## एनडीपीएस के मामले में 4 आरोपियों को एडीजे न्यायालय ने किया दोषमुक्त

जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** एनडीपीएस के एक मामले में एडीजे न्यायालय ने चार आरोपियों को बरी कर दिया है, जबकि दो आरोपी फरार हैं, जिनकी गिरफ्तार के बाद उन पर मुकदमा चलेगा। मामला सन् 2015 का है, जिसके तहत छापर पुलिस ने देवाणी तिराहे पर एक कंटेनर को जप्त किया, जो कि मध्यप्रदेश से बीकानेर जा रहा था। पुलिस ने कंटेनर में से 44 क्विंटल अवैध डोडा पोस्त बरामद कर 6 आरोपियों को गिरफ्तार किया था। बाद में पुलिस ने मामले की जांच कर सभी 6 आरोपियों चन्द्रपाल सिंह, विक्रमसिंह, दिनेश, मोतीलाल, लालसिंह, पप्पू डांगी के खिलाफ न्यायालय में चालान पेश किया। आरोपी चन्द्रपाल सिंह, लालसिंह, पप्पू डांगी की ओर से पैरवी करने वाली एडवोकेट मंजू रमेश गुलेरिया ने बताया कि 19 गवाहों के बयान करवाए गए और कुल 38 दस्तावेजो को न्यायालय में प्रदर्श करवाया गया, जिसके बाद संदेह का लाभ देते हुए आरोपियों को एडीजे न्यायाधीश महेंद्र प्रताप भाटी ने बरी कर दिया। वहीं विक्रमसिंह की ओर से पैरवी करने वाले एडवोकेट बनवारीलाल बिजारणिया, एडवोकेट गोवर्धनसिंह, एडवोकेट राजेन्द्र नेहरा ने बताया कि एफएसल रिपोर्ट मिस मैच होने के कारण न्यायालय ने आरोपियो को बरी कर दिया। न्यायालय में ट्रायल के दौरान आरोपी दिनेश और मोतीलाल फरार हो गए, जिनकी गिरफ्तारी के बाद न्यायालय में उन पर मामला चलेगा।

## किड्स गार्डन ए आई स्कूल में मेगा स्कॉलरशिप टेस्ट आज

जयपुर टाइम्स

**पावटा(निस)।** कस्बे में स्थित किडस गार्डन ए आई स्कूल में रविवार को मेगा स्कॉलरशिप टेस्ट का आयोजन किया जाएगा। इस परीक्षा में कक्षा 1 से 7 तक के विद्यार्थी भाग लेंगे। जिसमें सिलेबस विद्यार्थी जिस कक्षा में अध्यनरत है, उसी का सिलेबस होगा। संस्था निदेशक कमल यादव ने बताया कि टेस्ट में स्थानीय संस्थान के अलावा राजकीय व गैर-राजकीय विद्यालयों के छात्र-छात्राएं भी हिस्सा ले सकते हैं। परीक्षा के माध्यम से विद्यार्थियों को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का अवसर मिलेगा।उन्होंने जानकारी दी कि प्रतियोगिता में कुल ?21,000 तक के पुरस्कार रखे गए हैं। प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थी को ?21,000 तक की राशि के साथ आकर्षक उपहार प्रदान किए जाएंगे। इसके अलावा प्रथम से 20वें स्थान तक आने वाले विद्यार्थियों को उपहार व प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया जाएगा। साथ ही प्रत्येक कक्षा के अनुसार अलग-अलग पुरस्कार भी वितरित किए जाएंगे। यह कार्यक्रम रविवार को सुबह 11:00 बजे से दोपहर 12:00 बजे तक भोनावास रोड स्थित विद्यालय परिसर में आयोजित होगा। विद्यालय प्रशासन के अनुसार यह स्कॉलरशिप टेस्ट विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करने व शैक्षणिक प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आयोजित किया जा रहा है।

## प्रिया प्रजापत 95.17 प्रतिशत, तनीषा चौधरी 95' के साथ किया टॉप

जयपुर टाइम्स



**सांगानेर(निस)।** ग्राम पंचायत रेनवाल मांजी में स्थित शक्ति विद्या मंदिर उच्च माध्यमिक विद्यालय ने कक्षा 10वीं बोर्ड परीक्षा 2025-26 के परिणाम में शानदार प्रदर्शन करते हुए एक बार फिर अपनी शैक्षणिक उत्कृष्टता का परचम लहराया है। इस वर्ष विद्यालय का परिणाम बेहद प्रभावशाली रहा। आठ छात्र-छात्राओं ने 90' से अधिक अंक प्राप्त कर नया इतिहास रचा। विद्यार्थियों की कड़ी मेहनत, शिक्षकों के समर्पण और अभिभावकों के सहयोग ने मिलकर इस सफलता को संभव बनाया। इस वर्ष प्रिया प्रजापत ने 95.17' अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान,तनीषा चौधरी ने 95' अंक लाकर द्वितीय स्थान हासिल किया। विद्यालय के कई विद्यार्थियों ने 90' से अधिक अंक प्राप्त कर उत्कृष्टता दिखाई। इनमें सिद्धि प्रजापत 93.67 मीनाक्षी कंवर 93.33 रजनीश सोनी 92.17 कमलदीप लोधी 92' अंजलि सैनी 91.83 सिद्धांत मीणा 90.17 प्रमुख रहे। विद्यार्थियों, अभिभावकों और शिक्षकों ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर अपनी खुशी व्यक्त की।

## प्रदेश में एलपीजी, पेट्रोल, डीजल, उर्वरक आपूर्ति हेतु पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध, आमजन को चिंतित होने की आवश्यकता नहीं- मुख्य सचिव

**जयपुर (कास)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा पश्चिम एशिया के घटनाक्रमों के मद्देनज़र सभी राज्यों के मुख्यमंत्रियों और केंद्र शासित प्रदेशों के उपराज्यपालों के साथ शुक्रवार को वीसी के जरिए ली गई बैठक में प्रदत्त निर्देशों की अनुपालना सुनिश्चित करने के क्रम में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के निर्देशानुसार मुख्य सचिव वी श्रीनिवास ने शनिवार को सचिवालय में प्रदेश में एलपीजी, पेट्रोल, डीजल, उर्वरक आपूर्ति सहित विभिन्न मुद्दों पर सभी विभागाध्यक्षों की महत्वपूर्ण बैठक ली। मुख्य सचिव ने कहा कि प्रदेश में एलपीजी, पेट्रोल, डीजल, उर्वरकों का पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है। आमजन को इनकी आपूर्ति के संबंध में चिंतित होने की कोई आवश्यकता नहीं है। उन्होंने वर्तमान परिस्थितियों में आमजन को अधिकतम राहत देने के लिए सभी संबंधित विभागों को अपनी जिम्मेदारियों का प्रभावी निर्वहन करने हेतु निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि देश में एलपीजी का उत्पादन बढ़ने एवं पश्चिम एशिया के अतिरिक्त अन्य क्षेत्रों से आपूर्ति बढ़ने से स्थिति में ओर अधिक सुधार हुआ है। घरेलू उपभोक्ताओं, शैक्षणिक संस्थानों, अस्पतालों को एलपीजी की सुचारू आपूर्ति ज़ारी रखने के साथ अब व्यवसायिक सिलेंडरों की आपूर्ति भी शुरू हो चुकी है। मुख्य सचिव ने कृषि विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रदेश में उर्वरकों का पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है। अतः किसानों को यूरिया, डीएपी सहित उर्वरकों की आपूर्ति में कोई दिक्कत नहीं होनी चाहिए। संबंधित अधिकारी इस विषय पर निरंतर बैठकें लेकर स्थिति की प्रभावी मॉनिटर करें। नैनो यूरिया, बायो उर्वरकों के इस्तेमाल को भी प्रोत्साहन दें। उर्वरकों के भंडारण का प्रभावी प्रबंध किया जाए। माननीय मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार प्रदेश में उर्वरकों की किसी भी प्रकार की कालाबाजारी एवं डाइवर्जन ना हो, इस पर विशेष स्थान दिया जाए। उन्होंने कहा कि अधिक उर्वरक उपयोग वाले जिलों में समुचित आपूर्ति सुनिश्चित की जाए।

स्वात्वाधिकारी, कैम्ब्रिज मल्टीमीडिया प्रा.लि. के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक रामेश्वरलाल जाट द्वारा कैम्ब्रिज मल्टीमीडिया प्रा.लि., सी-565 सी, 4 सी स्कीम, न्यू लोहा मंडी रोड, सीकर रोड़ जयपुर में मुद्रित एवं सी-565 सी, 4 सी स्कीम, न्यू लोहा मंडी रोड, सीकर रोड़ जयपुर -302013 से प्रकाशित।
सम्पादक : नीतू चौधरी, सी-588, 4सी स्कीम, न्यू लोहा मण्डी रोड, जयपुर-302013 मो. : 7014217770, E-Mail : jaipurtimes2007@gmail.com *पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के जिम्मेदार, समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जयपुर।